



दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 169

ग्वालियर, मंगलवार, 08 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## श्रीनगर में आतंकियों ने ग्रेनेड से किया अटैक, 2 की मौत, 35 घायल

**जम्मू-कश्मीर।** श्रीनगर में आतंकवादियों ने ग्रेनेड से हमले किए। हमले में 2 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 35 से ज्यादा लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक घायल की मौत रविवार को हुई थी, जबकि एक की मौत सोमवार को हुई। पुलिस अधिकारियों की माने तब शाम चार बजकर 20 मिनट पर आतंकवादियों ने हरि सिंह हाई स्ट्रीट पर तैनात पुलिस और सुरक्षाबलों पर एक ग्रेनेड से हमला किया। वहीं हमले में घायल हुई 19 साल की एक लड़की की मौत सोमवार हो गई। एक मृतक की पहचान मोहम्मद असलम मखदूमी (70) के रूप में की गई है, जो शहर के नौहट्टा इलाके का निवासी था। अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर के हजरतबल निवासी नजीर अहमद टिंडा की बेटी राफिया ने आज सुबह अस्पताल में दम तोड़ दिया। मध्य कश्मीर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सुजीत कुमार ने कहा कि रविवार को अमीरा कदल श्रीनगर के पास व्यस्त स्थान पर एक ग्रेनेड फेंका गया। एक सवाल के जवाब में डीआईजी ने कहा कि यह सुरक्षा में कोई चूक नहीं है। उन्होंने कहा, हमें सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, और कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। डीआईजी ने कहा कि अभी तक किसी भी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है और पुलिस हमलावरों को पकड़ने के लिए सुराग पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि व्यस्त स्थानों पर हमले रोकने के लिए पुलिस कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि हम इस एक चलन नहीं बनने देने वाले है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर समेत पूरे कश्मीर में सुरक्षा एक चुनौती है. वहीं राज्यपाल मनोज सिन्हा ने हमले की निंदाकर कहा कि सरकार आतंक के पारिस्थितिकी तंत्र को तोड़ने और पड़ोसी देश के मंसूबों को नाकाम करने के प्रति संकल्पित है। सिन्हा ने ट्वीट किया, मैं श्रीनगर में किये गए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। निर्दोष नागरिक की मौत पर उसके परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम आतंक के पारिस्थितिकी तंत्र को तोड़ने और पड़ोसी देश के मंसूबों को नाकाम करने के प्रति संकल्पित हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने एक बयान में इस हमले की निंदा की।



## दिल्ली एनसीआर के लोगों के लिए खुशखबरी, 15 दिनों के भीतर शुरू हो जाएगा आश्रम अंडरपास

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। आश्रम चौक पर चल रहे अंडरपास का निर्माण कार्य अब अपने अंतिम चरण में है जो 15 दिनों के भीतर पूरा हो जाएगा और यह अंडरपास 22 मार्च से ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा। सोमवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ अंडरपास के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसके साथ-साथ उपमुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन आश्रम फ्लाईओवर व प्रगति मैदान के पास बन रहे अंडरपास के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। इस मौके पर श्री सिसोदिया ने कहा कि कोरोना के कारण लॉकडाउन की वजह से पिछले साल आश्रम अंडरपास के निर्माण कार्य को कई बार रोकना पड़ा। इससे अंडरपास के काम को पूरा होने में देरी हुई है लेकिन अब अंडरपास का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में चल रहा है और 15 दिनों के भीतर पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 22 मार्च से इस अंडरपास को ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा जिससे रोजाना लाखों लोगों को फायदा होगा। उपमुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने अधिकारियों के साथ आश्रम फ्लाईओवर व प्रगति मैदान से निज़ामुद्दीन के बीच चल रहे अंडरपास के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की।

## युद्ध खत्म करने के लिए तुर्की ने रूसी और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत की घोषणा की

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को खत्म करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी कड़ी में तुर्की के विदेश मंत्री मेवलुत कावुसोग्लू ने कहा कि रूस और यूक्रेन के विदेश मंत्री इस सप्ताह तुर्की के भूमध्यसागरीय तटीय शहर अंताल्या के पास मिलेंगे।

अंकारा, एपी। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को खत्म करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी कड़ी में तुर्की के विदेश मंत्री मेवलुत कावुसोग्लू ने कहा कि रूस और यूक्रेन के विदेश मंत्री इस सप्ताह तुर्की के भूमध्यसागरीय तटीय शहर अंताल्या के पास मिलेंगे। कैवुसोग्लू ने सोमवार को कहा कि वह रूस के सर्गेई लावरोव और यूक्रेन के दिमित्रो कुलेबा के बीच बैठक में भी भाग लेंगे, जो त्रिपक्षीय प्रारूप में होगी।



बैठक इस सप्ताह अंताल्या में एक अंतरराष्ट्रीय कूटनीति मंच से इतर होगी। तुर्की, जिसके रूस और यूक्रेन दोनों के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, ने खुद को युद्धरत पक्षों के बीच मध्यस्थ के रूप में रखने की मांग की है।

इससे पहले पुतिन ने तुर्की के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन के साथ बातचीत की। इस बातचीत में तुर्की के नेता ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से युद्ध खत्म करने की गुजारिश की। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से तीन बार टेलीफोन पर बात की है। रविवार को हुई आखिरी बातचीत लगभग एक घंटे 45 मिनट चली।

ज्ञात हो कि युद्ध खत्म करने के लिए इजरायल के प्रधानमंत्री नाफ्ताली बेनेट मास्को पहुंचकर रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बैठक कर चुके हैं। दोनों नेताओं के बीच शनिवार को यूक्रेन संकट पर चर्चा हुई थी। इस बातचीत के बाद बेनेट ने फोन पर यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी बात की थी। बेनेट पहले भी पुतिन से फोन पर बात करते रहे हैं। उन्होंने गतिरोध को खत्म कराने के लिए मध्यस्थता किए जाने का प्रस्ताव भी रखा था।

## भाजपा के लोग गिनती में गड़बड़ी कर और हारे हुए कैंडिडेट को जीत का सर्टिफिकेट दिलवाएंगे : टिकैत

**मुजफ्फरनगर।** उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर 10 मार्च को नतीजे आने हैं। 7 मार्च को आखिरी चरण के साथ ही चुनाव खत्म हो गए, लेकिन ईवीएम को लेकर अब राजनीति शुरू हो गई है। हालांकि इसकी शुरुआत की है, किसान नेता राकेश टिकैत ने कर दी है। टिकैत ने दावा किया है कि भाजपा अनुचित तरीके से मतगणना को प्रभावित कर सकती है। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मतगणना केंद्रों की निगरानी करें। टिकैत ने कहा कि मतगणना में फर्जीवाड़ा होगा है। इस रोकने के लिए भी किसानों को तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि इसकी आशंका है कि यह लोग गिनती में गड़बड़ी कर और हारे हुए कैंडिडेट को जीत का सर्टिफिकेट दिलवाएंगे। इसकारण जनता को निगाह रखनी होगी। दरअसल, टिकैत ने कहा कि हमने वोट दे रखा है। हम यह देखने आए थे कि वोट को कहा बंद कर रखा गया है। नवीन मंडी वह क्षेत्र है, जहां मतदान के बाद ईवीएम रखी जा रही हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे 2 दिनों की छुट्टी रखें। किसानों को इधर भी निगरानी रखनी होगी। पंचायत चुनाव के समय सरकार ने गड़बड़ी की थी। इस बार भी गड़बड़ी हो सकती है। हालांकि टिकैत ने इसकी अपील की कि हार जीत चाहे किसी की भी हो, लोगों को शांति रखनी होगी।



## सीरिया में आतंकियों ने किया सेना की बस पर हमला, 13 सैनिकों की गई जान

**दमिश्क।** सीरिया में राजमार्ग पर आतंकवादियों ने सेना की बस पर हमला कर दिया, इससे कम से कम 13 सैनिकों की मौत हो गई। मरने वालों में कई अधिकारी भी शामिल हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट में बताया कि मध्य सीरिया के पलमीरा क्षेत्र में हुए हमले में 18 सैनिक घायल हो गए और आतंकवादियों ने हमले में कई तरह के हथियारों का इस्तेमाल किया। अभी तक किसी ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। सीरियाई अधिकारियों ने इस्लामिक स्टेट समूह के आतंकवादियों पर इसतरह के हमलों को दोषी ठहराया है, जो 2019 से देश में क्षेत्रीय नियंत्रण खोने के बावजूद दक्षिणी और मध्य सीरिया में सक्रिय हैं। इस साल जनवरी महीने में आईएस आतंकवादियों ने इसी क्षेत्र में यात्रा कर रही एक बस पर रॉकेट और एंटी-एयरक्राफ्ट गन से हमला किया, जिसमें पांच सैनिक मारे गए थे। इसके पहले पिछले महीने दमिश्क में सैनिकों को ले जा रही बस में बम धमाके के कारण एक सैनिक की मौत हो गई थी, जबकि 11 घायल हो गए थे। बम बस में रखा गया था। धमाका भीड़भाड़ के समय राजधानी के ऐतिहासिक ओमय्यड चौराहे के पास हुआ। हाल के महीनों में दमिश्क में शांति के बीच इस तरह के हमले होते रहे हैं। सरकारी सुरक्षा बलों ने वर्ष 2018 में शहर के पूर्वी इलाकों को विद्रोहियों के कब्जे से छीन लिया था। सरकारी बल अब राष्ट्रपति बशर असद के सहयोगी रूस और ईरान की मदद से सीरिया के अधिकांश हिस्से को नियंत्रित करते हैं, जबकि विद्रोहियों को उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदलिब तक सीमित कर दिया गया है। इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में इसी तरह सीरियाई सैनिकों को ले जा रही एक बस में रखे गए दो बम दमिश्क में फटने से 14 की मौत हुई थी। ये सालों बाद राजधानी में सबसे घातक बम विस्फोटों में से एक था। हाल के सालों में दमिश्क में हमले बहुत कम हो गए हैं।आखिरी सबसे बड़ा विस्फोट साल 2017 में हुआ था, जब आत्मघाती हमलावरों ने न्यायिक कार्यालय की इमारत और एक रेस्तरां को निशाना बनाया था! इस हमले में लगभग 60 लोग मारे गए थे और इसकी जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट समूह के आतंकवादियों ने ली थी।



## जन औषधि योजना ने भारत में एक मौन क्रांति ला दी है : मनसुख मांडविया





### जन औषधि योजना से लोगों को मिल रही हैं सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयां :आदेश गुप्ता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'जन औषधि दिवस' के उपलक्ष्य में वर्चुअल संबोधन का आयोजन आज गोविंदपुरी में किया गया जिसमें वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम नरेन्द्र मोदी ने जन औषधि केंद्र के मालिकों और योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं सांसद रमेश बिधूड़ी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि आज जन औषधी योजना महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधित सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह योजना भारत में एक मौन क्रांति के रुप में हमारे सामने आया है। प्रदेश के गोविंदपुरी में जन औषधी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि आज कई युवाओं को इस जन औषधि योजना के तहत रोजगार भी मिला है। इस योजना माध्यम से कोई भी जिसके पास मेडिकल स्टोर खोलने का सर्टिफिकेट हो, एक सिंगल पेज फॉर्म भरने मात्र से वह जन औषधि केंद्र खोल सकता है क्योंकि इसकी प्रक्रिया बहुत ही आसान है।

श्री मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों का साथी बन चुका है क्योंकि कम दामों में उन्हें जेनरिक दवाएं उपलब्ध हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि जन औषधि जन उपयोगी साबित हुआ है। जिस तरह से प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रमों चाहे वह मन की बात हो, लाल किले से भाषण हो या फिर संसद के अपने संबोधन में जन औषधि के बारे में बताते हैं, उसस लोगों को प्रोत्साहन मिलता है और इसके प्रति लोगों की रुचि और बढ़ती है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने सभी को भारत के प्रतीक जन औषधि दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश भर में 8664 से अधिक जन औषधि केंद्रों के माध्यम से जनता को सस्ती व गुणवत्तापूर्ण 1400 से अधिक दवाएं उपलब्ध करा रही है।

## कांग्रेस को नतीजों से ज्यादा विधायकों की चिंता, इंतजाम के लिए जयपुर पहुंच गई प्रियंका गांधी

**जयपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी सोमवार को जयपुर पहुंची। माना जा रहा है कि प्रियंका यहां राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ 10 मार्च को विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद बनने वाले राजनीतिक समीकरणों पर चर्चा करने पहुंची हैं। प्रियंका के साथ राजीव शुक्ला भी जयपुर पहुंचे। दोनों कांग्रेस नेताओं को रिसीव करने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा और अन्य पहुंचे।

**क्या यहां शिफ्ट होंगे कांग्रेस विधायक दिया यह जवाब:** अनुमान लगाया जा रहा है कि विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद कांग्रेस विधायकों को यहां शिफ्ट किया जा सकता है। हालांकि प्रियंका गांधी ने इस बारे में सीधे-सीधे कोई जवाब नहीं दिया। एयरपोर्ट पर मीडिया के साथ संक्षिप्त बातचीत में प्रियंका ने इसे भविष्य का मामला बताया। उन्होंने कहाकि लोगों ने जरूर काफी सोच-समझकर वोट दिया होगा।



**अन्य दलों से गठबंधन हालात की बात:** इसी दौरान प्रियंका गांधी से पूछा गया कि क्या भविष्य में कांग्रेस अन्य दलों के साथ गठबंधन सकती है इस प्रियंका ने कहाकि यह हालात पर निर्भर करेगा। वहीं पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने का कहना है कि प्रियंका यहां पर पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद बनने वाले हालात पर चर्चा करने पहुंची हैं। वह राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ मिलकर नतीजों के बाद बनने वाले विभिन्न समीकरणों पर बातचीत करेंगी।

## रूस-यूक्रेन युद्ध से कच्चे तेल की कीमतों में लगी आग

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में ईरानी कच्चे तेल के न आने से तेल की कीमतें 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय सहयोगी रूसी तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहे हैं। रविवार को व्यापार के पहले कुछ मिनटों में दोनों बेंचमार्क जुलाई 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए, जिसमें ब्रेंट 139.13 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 130.50 डॉलर पर था। विश्व शक्तियों के साथ ईरान के 2015 के परमाणु समझौते को फिर से जीवित करने के लिए वार्ता रविवार को अनिश्चितता के भंवर में फंस गई। रूस की यूएस गारंटी की मांग के बाद कि यूक्रेन संघर्ष पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। वह तेहरान के साथ अपने व्यापार को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। सूत्रों के मुताबिक चीन ने भी नई मांगें उठाई हैं। रूस की मांगों के जवाब में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रविवार को कहा कि यूक्रेन के आक्रमण पर रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों का ईरान के साथ संभावित परमाणु समझौते से कोई लेना-देना नहीं है। बता दें कल शाम 6~50 बजे तक ब्रेंट 11.67 डॉलर या 9.9त्न बढ़कर 129.78 डॉलर प्रति बैरल हो गया। जबकि यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 10.83 डॉलर या 9.4त्न बढ़कर 126.51 डॉलर हो गया। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों के बीच रूस से तेल और प्राकृतिक गैस के आयात पर प्रतिबंध लगाने के बारे में बातचीत चल रही है। तेल और गैस आयात के बारे में पूछने पर ब्लिंकन ने सीएनएन से रविवार को कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक दिन पहले इस विषय पर अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक की थी।




## खास खबर

### राज्यसभा की 13 सीटों पर 31 मार्च को होंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की 13 सीटों के लिए 31 मार्च को चुनाव होंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को इसकी घोषणा की। जिन 13 सीटों पर चुनाव होना है, वे पंजाब, केरल, असम, हिमाचल प्रदेश, त्रिपुरा और नगालैंड की सीटें हैं आगामी 31 मार्च को राज्यसभा की 13 सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव होना है। 6 राज्यों के लिए 13 सीटों पर होने वाले इस चुनाव में राज्यवार आंकड़ा इस प्रकार से है। पंजाब में पांच, केरल में तीन, असम में दो और हिमाचल प्रदेश, त्रिपुरा और नागालैंड में एक-एक सीट के लिए वोटिंग होनी है। गौरतलब है कि इस महीने सांसद एके एंटनी, आनंद शर्मा और प्रताप सिंह बाजवा राज्यसभा से रिटायर हो रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री पुरी भारतीय छात्रों के जत्थे को लेकर पहुंचे दिल्ली, खुशी जाहिर की

**नई दिल्ली।** यूक्रेन में फंसे भारतीयों के एक और जत्थे को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी सोमवार को दिल्ली लौटे।मोदी सरकार द्वारा चलाए गए ऑपरेशन गंगा के तहत 6711 भारतीय छात्रों को हंगरी के रास्ते भारत लाया गया है। दिल्ली पहुंच केंद्रीय मंत्री ने सभी छात्रों के सही सलामत रेस्क्यू करने पर खुशी जाहिर की, जिसका वीडियो भी सामने आया। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देकर लिखा कि, बुडापेस्ट से यूक्रेन में फंसे अंतिम छात्रों के जत्थे 6711 के साथ हम दिल्ली पहुंच गए। यह खुशी का पल है और रेस्क्यू किए गए छात्र अपने परिजनों और परिवार वालों से मिल सकते हैं। इसी बीच यूक्रेन से जंग के बीच रूस ने चार इलाकों में सीजफायर का ऐलान किया है, इससे भारतीय छात्रों को भी राहत मिलेगी।इसमें राजधानी कीव के साथ-साथ मारियूपोल, खारकीव और सुमी शामिल है। अभी तक ऑपरेशन गंगा के तहत 70 से अधिक फ्लाइट्स भेजी गई हैं, जिसमें 15 हजार से अधिक भारतीयों को यूक्रेन से लाया गया है। दरअसल रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग के बाद यूक्रेन में भारतीय छात्र फंसे, नागरिकों को लाने के लिए ऑपरेशन गंगा चलाया गया।

### ईवीएम की दूरबीन लगाकर निगरानी कर रहे प्रत्याशी, सपा प्रत्याशी ईवीएम स्थल पर पहुंचे

**मेरठ।** उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान 7 मार्च को जारी है। इसके बाद जिन जिलों में मतदान हो चुके हैं, उन्हें लेकर प्रत्याशी ईवीएम की निगरानी करते देख जा रहे हैं। मेरठ में समाजवादी प्रत्याशी योगेश वर्मा दूरबीन के साथ ईवीएम स्थल पर नजर बनाए हुए हैं।बता दें कि पांच राज्यों में सहित यूपी के चुनावी नतीजे 10 मार्च को आएंगे। गौरतलब है कि हस्तिनापुर विधानसभा से सपा के प्रत्याशी व पूर्व विधायक योगेश वर्मा और अपने समर्थकों के साथ दूरबीन से ईवीएम मशीनों की निगरानी करते दिखाई दिए। बता दें कि रविवार को योगेश वर्मा खुली जीप से कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे और ईवीएम मशीनों की निगरानी दूरबीन से की। योगेश वर्मा का दावा है कि हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र से जिस दल का प्रत्याशी चुनाव जीतता है, उसी पार्टी को प्रदेश में सत्ता हासिल होती है। उन्होंने कहा कि इसके बाद हमारी जिम्मेदारी है, कि हम ईवीएम मशीनों पर नजर रखें। वर्मा ने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा वाले कुछ भी कर सकते हैं। इसलिए हम ईवीएम मशीनों पर सख्त नजर बनाए हुए हैं। बता दें कि जिस स्थल पर ईवीएम रखे गए हैं उनकी निगरानी करने के लिए पार्टी आलाकमान से निर्देश हैं। इस लेकर योगेश वर्मा का कहना है, कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निर्देश दिया है, कि सभी कार्यकर्ता ईवीएम मशीनों की देखभाल करें। जिसका हम पालन कर रहे हैं। बता दें कि सपा सहित कई विपक्षी दल आए दिन ईवीएम पर सवाल खड़े करते रहे हैं।

### परिवार पर भौंकता था गली का कुत्ता दिल्ली पुलिस कॉन्स्टेबल ने पीट-पीटकर मारा

**नोएडा।** नोएडा में छलेरा गांव में गली के एक कुत्ते को बेसबॉल के बल्ले से पीट-पीटकर मार डालना दिल्ली पुलिस के एक कॉन्स्टेबल को महंगा पड़ गया। पुलिस ने आरोपी कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नोएडा में एक आवारा कुत्ते को बेसबॉल के बल्ले से पीटकर हत्या करने के आरोप में दिल्ली पुलिस के एक कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कॉन्स्टेबल विनोद कुमार की उम्र लगभग 35 वर्ष है, जो उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले का रहने वाला है। वह फिलहाल नोएडा के सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सेक्टर-44 के छलेरा गांव में रहता है और घटना रविवार रात की है। अधिकारियों के अनुसार, कॉन्स्टेबल और उसका परिवार, जिसमें उसका छोटा बेटा भी शामिल था, उस कुत्ते से डरते थे क्योंकि हर बार जब वे पड़ोस से गुजरते थे तो कुत्ता उन पर भौंकता था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद दिल्ली पुलिस के सिपाही और स्थानीय लोगों के बीच कहासुनी हो गई थी।

## न्यूज़ ट्रैक....

### नेशनल वेटरन्स चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश की कप्तानी करेंगे अरुण कुमार

**चेन्नई** । पूर्व रणजी क्रिकेटर राजेश गिल 8 से 14 मार्च तक चेन्नई में होने वाली इंटर जोनल नेशनल वेटरन्स चैंपियनशिप में उत्तर क्षेत्र की वेटरन क्रिकेट टीम से खेलेंगे। वेटरन इंडियन क्रिकेट फेडरेशन की चयन समिति द्वारा आयोजित ट्रायल के दौरान राजेश गिल का नाम भी शामिल किया गया था। वहीं पंजाब के पूर्व कप्तान अरुण कुमार को उत्तर क्षेत्र की वेटरन टीम का कप्तान बनाया गया है। अरुण ने 73 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। अन्य टीमों के कुछ अन्य खिला?ियों ने भी प्रथम श्रेणी मैचों में अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व किया हुआ है। छह टीमें जिनमें नार्थ जोन वारियर्स, सेंट्रल स्ट्राइकर्स, ईस्टर्न डायनामोज, वेस्टर्न लायंस, सदर्न गोल्स और ग्लोबल पैट्रियट्स शामिल हैं। भारतीय वेटरन्स क्रिकेट टीम का चयन इंटर जोनल मैचों के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। चयनित भारतीय वेटरन्स क्रिकेट टीम जुलाई में इंग्लैंड में मेलबर्न कप में भी खेलेगी। टीम मार्च 2023 में वेटरन्स विश्व कप में भाग लेगी।

### 68वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशि में भाग लेगी जम्मू-कश्मीर महिला टीम

**श्रीनगर** । जम्मू-कश्मीर की सीनियर नेशनल कबड्डी टीम जम्मू-कश्मीर एमेच्योर 68वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशि में भाग लेगी। महिला कबड्डी चैंपियनशिप 10 से 13 मार्च तक हरियाणा के चरखी दादरी में होगी।मिताली मन्हास टीम की कप्तानी संभालेंगी। चैंपियनशिप के लिए संभागीय खेल अधिकारी अशोक सिंह की उपस्थिति में चयनित खिला?ियों को खेल किट का वितरण किया। एमए स्टेडियम के प्रबंधक सक्तिश चोप?ा, सुरिदर मोहन महासचिव, कोषाध्यक्ष संग्राम सिंह, संजीत कुमार, अंतरराष्ट्रीय खिला?ी राकेश कुमार और सीनियर कबड्डी कोच अनिल शर्मा इस मौके पर मौजूद थे। संभागीय खेल अधिकारी अशोक सिंह और उनकी टीम ने खिला?ियों की स्क्रीनिंग की। जम्मू-कश्मीर एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने भी चैंपियनशिप के लिए यूटी कबड्डी टीम को शुभकामनाएं देते हुए अच्छे खेल का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मिताली मन्हास टीम की कप्तानी संभालेंगी। टीम में रोशी जम्वाल, शालू देवी, रजनी रानी, सिया सैनी, सोनिया देवी, मनो बीबी, इफला मजीद, मारीफत जान, प्रिया कुमारी, रिफत बशीर और रंजू देवी शामिल हैं। टीम के कोच मोहम्मद अमीन होंगे। टीम की मैनेजर अर्चना कौशल हैं।

### मेक्सिको में फुटबॉल मैच में भिड़े प्रशंसक


**मेक्सिको सिटी** । मेक्सिको में रैन लीग चैंपियनशिप फुटबॉल मैच में प्रशंसकों के बीच हुई हिंसा से करीब दो दर्जन लोग घायल हुए हैं। इसके कारण कुछ समय तक के लिए मैच भी रोकना पड़ा। मध्य मेक्सिको में एक फुटबॉल मैच के दौरान दोनों टीम के समर्थकों में जमकर हिंसा हुई। इससे करीब 22 लोग घायल हुए हैं। इसमें से दो लोग गंभीर हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार,प्रशसंकों के बीच झड़प के बाद मेजबान क्वेरेटारो और ग्वाडालाजारा की एटलस टीम के मैच को भी 62वें मिनट में रोकना पड़ा। झड़प होने के कारण दर्शकों को बाहर निकालने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने मैदान के सभी दरवाजे खोल दिये। वहीं सुरक्षा एजेंसी के अनुसार अब तक किसी की मौत की खबर नहीं है। 22 लोग घायल हुए हैं जिनमें से नौ को सिविल अस्पताल ले जाया गया।''

# आईपीएल में हिस्सा लेने नीदरलैंड के खिलाफ लिमिटेड ओवर सीरीज नहीं खेलेगा न्यूजीलैंड

**नईदिल्ली।** न्यूजीलैंड टीम के खिलाड़ी नीदरलैंड्स के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे। इसकी जानकारी टीम के हेड कोच गैरी स्टीड ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने कहा- टीम के सभी खिलाड़ी IPL 2022 में भाग लेने के लिए नीदरलैंड्स सीरीज में नहीं खेलेंगे।

नीदरलैंड्स की टीम को मार्च के अंत में न्यूजीलैंड के दौरे पर जाना है। जिसमें कीवी टीम के बड़े नाम नहीं होंगे। राजस्थान रॉयल्स ने सबसे ज्यादा 3 कीवी खिलाड़ियों को खरीदा है, जिसमें ट्रेंट बोल्ट, जेम्स नीशम और डैरेल मिचेल जैसे स्टार खिलाड़ियों के नाम शामिल है। वहीं, हैदराबाद की कप्तानी इस सीजन केन विलियमसन करेंगे।

IPL 2022 का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। टूर्नामेंट का पहला मैच 26 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल मैच 29 मई को खेला जाना है। पिछले सीजन की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स क्रिकेट की सबसे बड़ी लीग के लिए तैयारी भी शुरू कर दी है।



ट्विटर पर धोनी का एक फोटो चेन्नई सुपर किंग्स ने शेयर किया है। टीम ने इस फोटो के साथ कैप्शन में लिखा, हम सब पहले दिन का इंतजार कर रहे हैं। चेन्नई की

### लीग स्टेज के 70 मुकाबले महाराष्ट्र में होंगे

आईपीएल लीग स्टेज के सभी 70 मुकाबले महाराष्ट्र में खेले जाएंगे। 55 मैच मुंबई और 15 पुणे में होंगे। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम और डॉ. डीवाई पाटिल स्टेडियम में 20, जबकि ब्रेबोर्न स्टेडियम में 15 मैच खेले जाएंगे। बचे हुए 15 मुकाबले पुणे के MCA इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे।IPL की दो नई टीमें लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटन्स टीमें 28 मार्च से अपने अभियान का आगाज करेंगी। इस दिन इन दो टीमों के बीच वानखेड़े में ही मुकाबला खेला जाएगा।

# इंडिया टीम में वापसी के प्रयास में जुटे कार्तिक

**नई दिल्ली** । अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक टीम इंडिया में वापसी के प्रयास में लगे हैं। कार्तिक का मानना है कि अभी वह टी20 प्रारुप खेल सकते हैं। इसी को देखते हुए वह अपनी फिटनेस और बल्लेबाजी पर काम कर रहे हैं। इस खिलाड़ी ने अंतिम बार भारतीय टीम की ओर से दो साल पहले 2019 में एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में खेला था। कार्तिक भारत के लिए खेलने को लेकर पहले की तरह प्रतिबद्ध हैं और साथ ही चाहते हैं कि उनके छह महीने के जुड़वां बेटे अगले कुछ वर्षों में उन्हें शीर्ष स्तर पर खेलता हुआ देखें। कार्तिक ने कहा कि टी20 मेरे लिए शुरुआत की तरह होगा। साथ ही कहा कि आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में आपको दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का मौका मिलता है और आपको अपना कौशल दिखाने का मौका मिलता है। इसलिए मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में मैं इसमें बेहतर प्रदर्शन का प्रयास कर सकता हूं।



विश्व कप के बाद सीमित ओवरों के प्रारूप की टीम से बाहर होने से पहले कार्तिक ने टी20 में फिनिशर की भूमिका में निभाई थी। इसके अलावा 2018 निदाहस ट्रॉफी के फाइनल में आखिरी ओवर में उनकी शानदार बल्लेबाजी से भारत ने खिताब जीता था। जिस प्रकार टीम प्रबंधन सीमित ओवरों के प्रारूप के लिए मध्यक्रम में खिलाड़ियों को आजमा रहा है उसको देखते हुए कार्तिक को अपने लिए अवसर नजर आ रहा है।

कार्तिक ने कहा कि टीम में चयन की पात्रता अब उम्र नहीं है। यह अब फॉर्म, फिटनेस और अनुभव पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर आयु ऐसी चीज नहीं है जिसे भारतीय टीम में वापसी के दौरान देखा जाता है। 36 साल की उम्र में शिखर धवन ने दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में बेहतरीन बल्लेबाजी की। कार्तिक का मानना है कि छोटे प्रारूप में उम्र के साथ खिलाड़ी बेहतर होता है। उन्होंने कहा कि लोग अपने शरीर को समझते हैं, वे कितना क्रिकेट खेल सकते हैं। अधिक उम्र के बाद भी शोएब मलिक और हफीज टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की ओर से खेल रह हैं।

# विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों से बाहर रहेंगी मैरीकॉम

**नई दिल्ली** । भारत की अनुभवी महिला मुक्केबाज एम सी मैरीकॉम ने कहा है कि वह विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों में नहीं खेलेंगी। मैरीकॉम ने कहा है कि वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अपनी तैयारियों पर ध्यान देने के साथ ही युवाओं को अवसर देने के लिए इन दोनो टूर्नामेंटों से अपना नाम वापस ले रहीं है। आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप तुर्की के इस्तांबुल में छह से 21 मई तक खेली जाएगी। वहीं 2022 राष्ट्रमंडल खेल 28 जुलाई से और 2022 एशियाई खेल 10 सितंबर से शुरू होंगे। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) को दिये अपने संदेश में मैरीकॉम ने कहा कि मैं युवा पीढ़ी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर आगे आने और बड़े टूर्नामेंट का अनुभव हासिल करने का अवसर देने के लिए इन टूर्नामेंट में भाग नहीं लेना चाहूंगी। मैं अपना ध्यान केवल राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों पर ही लगाना चाहूंगी। विश्व चैम्पियनशिप के लिए सभी 12 वर्गों के चयन ट्रायल बुधवार को समाप्त होंगे। एशियाई खेलों के लिये पुरूषों के चयन ट्रायल्स मई में जबकि पुरूष और महिलाओं के लिये राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल्स जून में कराए जाएंगे। ट्रायल्स में एशियाई खेलों के वजन वर्ग भी शामिल हैं जो आईबीए जैसे ही हैं। वहीं बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने एक बयान में कहा कि मैरीकॉम लंबे समय से भारतीय मुक्केबाजी की पहचान रही हैं और उन्होंने दुनिया भर में कई मुक्केबाजों और खिलाडि?ों को प्रेरित किया है। हम उनके फैसले का पूरा सम्मान करते हैं।

### आईपीएल का पहला मैच सीएसके और केकेआर के बीच होगा : बीसीसीआई

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2022 के 15वें सत्र के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। बीसीसीआई के इस कार्यक्रम के अनुसार आईपीएल सत्र का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाईट राईडर्स (केकेआर) के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7 बज कर 30 मिनट पर शुरु होगा। वहीं आईपीएल की शुरूआत 26 मार्च से हो रही है जबकि 29 मई को लीग का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। इस बार आईपीएल में दो नई टीमें शामिल की गयी हैं। इस प्रकार इस बार 8 की जगह 10 टीमें खेलेंगी। लखनऊ सुपरजायंट्स और गुजरात टाइटंस की नई टीमें पहली बार आईपीएल में भाग ले रही हैं। वहीं इस बार आईपीएल में 70 मैच खेले जाएंगे। कोरोना संक्रमण के मामले कम होने के कारण आईपीएल के सभी मुकाबले भारत में ही खेले जाएंगे। ये मैच महाराष्ट्र के मुम्बई और पुणे में खेले जाएंगे।

# मध्यक्रम को रन बनाने होंगे : मिताली

**माउंट माउंगानुई** । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने आईसीसी महिला विश्वकप के पहले ही मैच में पाकिस्तान के खिलाफ मिली शानदार जीत पर खुशी जतायी है पर साथ ही कहा है कि टीम को अपने प्रदर्शन में अभी और सुधार करना होगा। भारतीय महिला टीम ने अपने पहले ही मैच में पाकिस्तान को 107 रनों से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। मिताली ने कहा कि हमें अभी बहुत सी चीजों को बेहतर करना है। मिताली ने कहा कि हमारी टीम के लिए हर मैच जीतना अभी जरूरी है। पर अभी भी हमें बहुत सी चीजों पर काम करना होगा।



मिताली ने कहा कि मध्यक्रम को बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि इसके असफल होने से निचले क्रम पर ज्यादा दबाव आता है। विश्वकप जैसे सबसे बड़े टूर्नामेंट में रन बनाना शीर्ष क्रम की जिम्मेदारी है। मिताली ने पाक के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करने वाली पूजा वस्त्राकर और स्नेह राणा की बल्लेबाजी की भी जमकर प्रशंसा की है। मिताली ने कहा है कि जब आपके पास टीम में इस तरह की खिलाड़ी होती हैं तो बल्लेबाजी क्रम काफी लंबी हो जाती है। स्नेह और पूजा की सातवें विकेट के लिए की गयी रिकार्ड साझेदारी से ही भारतीय टीम इस मैच में बेहतर स्कोर बना पायी।

## व्यापार न्यूज

### एलआईसी आईपीओ अगले वित्त वर्ष के लिए टल सकता है: विशेषज्ञ

**नई दिल्ली** । बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच सरकार एलआईसी की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) को अगले वित्त वर्ष के लिए टाल सकती है, क्योंकि मौजूदा हालात में निर्गम को लेकर फंड प्रबंधकों की दिलचस्पी कम हुई है। सरकार इसी महीने जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में पांच फीसदी हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रही थी, जिससे सरकारी खजाने को लगभग 60,000 करोड़ रुपए मिलने का अनुमान था। इस आईपीओ से चालू वित्त वर्ष के लिए 78,000 करोड़ रुपए के विनिवेश लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलने की भी उम्मीद थी। जानकार कहते हैं ?कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के चलते मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य वैश्विक इक्विटी बाजारों पर दबाव डाल रहा है। भारतीय बाजारों ने भी इस पर नकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है और अब तक अपने उच्चतम स्तर से लगभग 11 प्रतिशत टूट चुका है। उन्होंने कहा ?कि ऐसे में बाजार की मौजूदा अस्थिरता एलआईसी के आईपीओ के लिए अनुकूल नहीं है और सरकार इस निर्गम को अगले वित्त वर्ष के लिए टाल सकती है। बाजार की कमजोर धारणा एलआईसी आईपीओ के लिए निराशाजनक है। ऐसे में इस आईपीओ के स्थगित होने की आशंका है।



### डॉलर के मुकाबले रुपया 81 पैसे टूटा

**मुंबई** । रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने के बीच निवेशकों द्वारा डॉलर के रूप में सुरक्षित ठिकाना खोजने से रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 81 पैसे की जोरदार गिरावट के साथ 76.98 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव ने कच्चे तेल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है, जिससे घरेलू मुद्रास्फीति और व्यापार घाटे को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसके अलावा विदेशी कोषों के लगातार बाहर जाने और घरेलू शेयर बाजार में गिरावट से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.85 पर खुला, और पिछले बंद भाव के मुकाबले 81 पैसे की गिरावट दर्ज करते हुए 76.98 पर आ गया। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे टूटकर 76.17 पर बंद हुआ था।

# रूस पर प्रतिबंधों के विश्व अर्थव्यवस्था पर हो सकते हैं गंभीर प्रभाव: आइएमएफ

*__नई दिल्ली__ । अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा कि यूक्रेन में चल रही लड़ाई और उसको लेकर रूस पर आर्थिक प्रतिबंधों का विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा मुद्रा कोष ने कहा कि हम उभरती स्थिति का लगातार आकलन कर रहे हैं और अपने सदस्य देशों को समय से नीतिगत सलाह, वित्तीय और तकनीकी सहायता दे रहे हैं। आईएमएफ की प्रबंध निदेशिका क्रिस्तालिना जॉर्जीएवा की अध्यक्षता में इस वैश्विक वित्तीय संगठन के कार्यकारी निदेशक मंडल की वॉशिंगटन में हुई एक बैठक में कहा गया है कि यूक्रेन में युद्ध से भारी नुकसान हो रहा है। वहां के दस लाख से अधिक लोग शरणार्थी बनकर अन्य देशों में चले गए हैं और रूस के खिलाफ अभूतपूर्व आर्थिक प्रतिबंध घोषित किए जा चुके हैं। मुद्रा कोष के बयान में कहा गया है, ति बहुत तेजी से बदल रही है और भविष्य के बारे में असाधारण अनिश्चितता है। इसके आर्थिक प्रभाव पहले ही बहुत गंभीर हो चुके हैं। खनिज ईंधन और अन्य वस्तुओं की कीमतें जिनमें गेंहू और अन्य अनाज हैं, उछाल पर हैं। इससे मुद्रा स्थिति का दबाव और बढ़ रहा है। मुद्रा स्फीति कोविड-19 महामारी के कारण आपूर्ति श्रृंखला के टूटने से और महामारी के बाद मांग में सुधार से पहले ही ऊंची हो गई थी। बयान में कहा गया है कि महंगाई का झटका पूरी दुनिया को लगेगा। गरीब परिवार जिनकी आय का ज्यादातर पैसा भोजन और ईंधन पर चला जाता है, वे इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।*

### रूस से तेल और गैस के आयात पर प्रतिबंध लगा सकता है अमेरिका

*__वांशिगटन__ । अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों के बीच रूस से तेल और प्राकृतिक गैस के आयात पर प्रतिबंध लगाने के बारे में बातचीत चल रही है। तेल और गैस आयात के बारे में पूछने पर ब्लिंकन ने सीएनएन से कहा कि राष्टपति जो बाइडेन ने एक दिन पहले इस विषय पर अपनी राष्टीय सुरक्षा परिषद की बैठक की थी। बाइडेन और पश्चिमी देशों ने अब तक रूस के ऊर्जा उद्योग पर प्रतिबंध नहीं लगाए हैं ताकि इससे उनकी अर्थव्यवस्थाओं पर असर नहीं पड़े। ब्लिंकन ने कहा ?कि हम अपने यूरोपीय साझेदारों और सहयोगियों से रूस से तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाने की संभावना पर बात कर रहे हैं साथ ही यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि दुनियाभर के बाजारों में तेल की पर्याप्त आपूर्ति रहे। रूसी सेना ने यूक्रेन के अलग-अलग क्षेत्रों डोनेट्स्क और लुहान्स्क को स्वतंत्र संस्थाओं के रूप में मान्यता देने के तीन दिन बाद 24 फरवरी को यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू किया, जिसके बाद पश्चिमी देशों ने कई प्रतिबंध लगाए। रूस लगातार यूक्रेन पर हमला बढ़ाता ही जा रहा है और इसी के चलते पश्चिमी देश खासकर अमेरिका-ब्रिटेन की ओर से रूस पर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं।*

# सोना 54 हजार और चांदी 70 हजार के पार

**मुंबई** । यूक्रेन और रूस में चल रही जंग की वजह से सोना और चांदी की कीमत में जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। जहां भारतीय वायदा बाजार में सोना 54 हजार करीब पहुंच गया है। वहीं चांदी के दाम 70 हजार रुपए प्रति किलोग्राम के पार चली गई है। विदेशी बाजारों में भी सोना ओर चांदी के दाम इजाफा देखने को मिला है। सोना 2000 डॉलर पर पहुंच गया हैं, जबकि चांदी 26 डॉलर प्रति ओंस के करीब पहुंच गई है। जानकारों का कहना है ?कि आने वाले दिनों में सोना और चांदी की कीमत में ओर भी ज्यादा तेजी देखने को मिल सकती हैं। देश के वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के दाम 1004 रुपए की तेजी के साथ 53563 रुपए प्रति पर कारोबार कर रही है। जबकि कारोबारी सत्र के दौरान सोने के दाम 53797 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गए थे। जबकि आज सोना 53266 रुपए प्रति दस ग्राम पर खुला था। गौरतलब है ?कि सोने के दाम वर्ष 2022 के दौरान 9 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे चुका है। वहीं दूसरी ओर चांदी की कीमत वायदा बाजार में 70 हजार को पार कर गई है। आंकड़ों के अनुसार वायदा बाजार में चांदी की कीमत करीब 1700 रुपए प्रति किलोग्राम की तेजी देखने को मिल रही है। जिसकी वजह चांदी के दाम 70805 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहा है। जो कि कारोबारी सत्र के दौरान 70834 रुपए प्रति किलोग्राम के साथ दिन हाई पर पहुंचा। जहां वायदा बाजार में सिल्वर के दाम 9 फीसदी से ज्यादा बढ़ें हैं। वहीं दूसरी ओर चांदी के दाम हाजिर बाजार में करीब 12 फीसदी का रिटर्न दे चुके हैं। जबकि बीते सप्ताह चांदी की कीमत में करीब 7 फीसदी की तेजी देखने को मिली थी।



### एफपीआई ने भारतीय बाजार से 17,537 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली** । विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय बाजार से पैसे निकालने का सिलसिला जारी है। एफपीआई ने मार्च के 3 ट्रेडिंग सेशन में भारतीय बाजारों से 17,537 करोड़ रुपए की निकासी की है। विदेशी निवेशकों की धारणा रूस-यूक्रेन संघर्ष और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से उत्पन्न अनिश्चितता से प्रभावित हुई। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने 2 से 4 मार्च के दौरान इक्विटी से 14,721 करोड़ रुपए और डेट सेगमेंट से 2,808 करोड़ रुपए निकाले हैं। इस दौरान उन्होंने हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट्स में 9 करोड़ रुपए निकाले हैं। इससे कुल नेट आउटफ्लो 17,537 रुपए करोड़ हो गया।गौरतलब है कि एफपीआई अक्टूबर, 2021 से लगातार भारतीय बाजारों से निकासी कर रहे हैं। फरवरी, 2022 में एफपीआई की निकासी मार्च, 2020 के बाद सबसे ऊंची रही है।






# जीएसटी काउंसिल की बैठक में सबसे कम टैक्स स्लैब को 5 से 8 फीसदी करने की तैयारी

**नई दिल्ली** । पेट्रोल-डीजल और खाने के तेल के दाम बढ़ने के बाद अब आम आदमी पर महंगाई की एक और मार पड़ने वाली है। सरकार जीएसटी की सबसे कम स्लैब पर टैक्स की दर बढ़ा सकती है। इसका असर सीधे आम आदमी पर पड़ेगा। दरअसल, जीएसटी काउंसिल की होने वाली अगली बैठक में सबसे कम टैक्स स्लैब को 5 फीसदी से बढ़ाकर 8 फीसदी किया जा सकता है। इसके साथ ही जीएसटी व्यवस्था में छूट की सूची को कम किया जा सकता है। राज्यों के वित्त मंत्रियों की एक समिति इस महीने के अंत तक अपनी रिपोर्ट जीएसटी काउंसिल को सौंप सकती है। इसमें सरकार की कमाई यानी राजस्व बढ़ाने के लिए अलग-अलग कदमों का सुझाव दिया गया है।

सूत्रों का कहना है कि जीएसटी की सबसे निचली दर को 5 फीसदी से बढ़ाकर 8 फीसदी करने से सरकार को अतिरिक्त 1.50 लाख करोड़ रुपये का सालाना राजस्व मिल सकता है। इस स्लैब में मुख्य रूप से पैकेज्ड खाद्य पदार्थ शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि वित्त मंत्रियों की समिति अगली बैठक में एक तीन स्तरीय जीएसटी संरचना पर भी विचार कर सकती है। इसकी दरें 8, 18 और 28 फीसदी हैं। अगर प्रस्ताव पास हो जाता है तो सभी वस्तुओं और सेवाओं पर वर्तमान में 12 फीसदी टैक्स लगता है, जो इसके बाद 18 फीसदी के स्लैब में आ जाएगा। फिलहाल जीएसटी के चार स्लैब हैं। 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी। लग्जरी उत्पादों पर सबसे ज्यादा टैक्स लगता है। लग्जरी और सिन गुड्स पर सबसे अधिक 28 फीसदी स्लैब के ऊपर सेस लगता है। इस सेस कलेक्शन का उपयोग जीएसटी के आने के बाद राज्यों को राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए किया जाता है। जीएसटी परिषद की अगली बैठक में उन वस्तुओं की संख्या को कम करने का भी प्रस्ताव किया जा सकता है, जिन्हें जीएसटी से छूट दी गई है। इस समय अनपैक्ड, अनब्रांडेड खाद्य और डेयरी वस्तुओं को जीएसटी से छूट दी गई है।



# आवारा जानवरों को खिलाने में अपार आनंद मिलता है : डेजी शाह



अभिनेत्री डेजी शाह जानवरों से काफी प्रेम करती हैं। वह आवारा पशुओं को खाना खिलाना पसंद करती हैं। उनका कहना है कि जब भी वह बाहर जाती हैं तो हमेशा जानवरों के साथ भोजन साथ लेकर चलती हैं। अभिनेत्री को हाल ही में मुंबई के अंधेरी में आवारा कुत्तों और गायों को खाना खिलाते हुए देखा गया था। शाह ने कहा, मुझे जब भी मौका मिलता है, मैं अक्सर आवारा जानवरों को खाना खिलाती हूं। मैं चाहे कहीं भी जा रही हूं, मैं अपनी कार में हमेशा कुत्तों के लिए बिस्कुट का एक बॉक्स रखती हूं। अगर मैं एक सिग्नल पर रुकती हूं या अगर मैं अपनी कार से किसी जगह पर जा रही होती हूं और इन प्यारे जानवरों को देखती हूं, तो मैं उन्हें हमेशा खाना खिलाती हूं। ऐसा करने में अथाह आनंद है। अभिनेत्री का कहना है कि कचरे के उचित निस्तारण को सुनिश्चित करना इसलिए भी बहुत जरूरी है, ताकि पशु गलत चीजों का सेवन न कर सकें। उन्होंने कहा, यह समझने की जरूरत है कि आवारा जानवरों को भी खाने की जरूरत होती है, इसलिए वे जहां कहीं भी संभव हो, वहां से भोजन पाने की कोशिश करते हैं। कई बार यह शहर के आसपास रहने वाले बड़े कचरे के डिब्बे से होता है, जो बीएमसी द्वारा प्रदान किया जाता है। सरकार ने निश्चित रूप से हमारे शहर को ये कचरे के डिब्बे मुहैया कराकर सफाई रखने का काम किया है, लेकिन लोग अभी तक अपने कचरे को सही ढंग से अलग करने से अनजान हैं। अभिनेत्री ने लोगों से अपने कचरे को ठीक से अलग-अलग करने का आग्रह किया है, ताकि इसका निस्तारण या निपराटा उचित तरीके से किया जा सके।

## पिंक ऑफशोल्डर गाउन में गजब की नजर आई बाहुबली फेम तमन्ना भाटिया

बाहुबली फेम एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने एक बार फिर से अपनी अदाओं का तड़का लगाया है। इस बार वह पिंक ड्रेस में गजब नजर आई हैं जो आप देख सकते हैं। वैसे तमन्ना का हर लुक बेहतरीन होता है और वह अपने लुक से सभी को घायल करने में आगे हैं। तमन्ना ने एक या दो बार नहीं बल्कि हर बार अपने हुस्न से लोगों को दीवाना बना डाला है। अब तक उनकी तस्वीरें हों या वीडियोज, सामने आने के साथ ही वायरल हो जाते हैं। वैसे तमन्ना लगातार अपने फैंस से कनेक्ट रहने के लिए सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। इस बार भी उन्होंने इंस्टाग्राम पर नया फोटोशूट शेयर करके तहलका मचा दिया है। आप देख सकते हैं तमन्ना भाटिया ने इन तस्वीरों में पिंक कलर के हाईस्लिट गाउन में गॉर्जियस अंदाज में पोज दिए हैं।



येह तस्वीरें उनके फैंस देखते नहीं थक रहे हैं। हर कोई उनकी तारीफों के पूल बाँध रहा है। वैसे तमन्ना ने इस फोटोशूट की 9 तस्वीरें एक-एक करके शेयर की हैं। कुछ तस्वीरें बहुत पास से ली गई हैं तो कुछ बहुत दूर से। वैसे इन तस्वीरों को शेयर करते हुए तमन्ना ने एक काफी मजेदार कैप्शन लिखा है। जी दरअसल उन्होंने लिखा है- पिंकटास्टिक। आप देख सकते हैं उनका गाउन ऑफशोल्डर हाई स्लिट गाउन है। इसमें टॉप पर हैवी वर्क के साथ रॉयल लुक है। जबकि इसका फॉल नेट स्टाइल का है। गाउन में उन्होंने सिल्वर कलर के लंबे से ईयररिंग्स पहने हैं। उनका पूरा लुक बेहतरीन है।

## 'गुडबाय' के सेट पर मनाया गया रश्मिका मंदाना का जन्मदिन

साउथ सेंसेशन रश्मिका मंदाना और अमिताभ बच्चन अभिनीत 'गुडबाय' की शूटिंग हाल ही में शुरू की गई है। बालाजी टेलीफिल्म्स व रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और विकास बहल द्वारा निर्देशित इस फिल्म की घोषणा ने ही दर्शकों को जिज्ञासु कर दिया है। अभिनेत्री ने 'गुडबाय' के सेट पर अपना 25वां जन्मदिन मनाया है। ऐसे में, फिल्म की टीम ने यह सुनिश्चित किया कि उनके लिए एक छोटा सा सेलिब्रेशन किया जाए क्योंकि वह अपने विशेष दिन पर काम कर रही थी। एक सूत्र ने खुलासा किया, वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए, सेट पर एक अच्छा सेलिब्रेशन का माहौल था। सभी कलाकारों और चालक दल के साथ सभी कोविड दिशानिदेशरें का सावधानी से पालन किया जा रहा है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, केक काटने के दौरान भी सभी मास्क पहने हुए थे और उचित सामाजिक दूरी बनाए रखी थी।

## हेरा फेरी 3 की स्क्रिप्ट हुई फाइनल, एक बार फिर अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल मचाएंगे धमाल




*राज, श्याम और बाबूराव की फिल्म हेरा फेरी ने खूब धमाल मचाया था. इस फिल्म को अब तक कितनी ही बार देख लिया, लेकिन आज भी फिल्म के कुछ सीन्स देखकर आप अपनी हंसी नहीं रोक पाते. इसके बाद फिल्म के दूसरे पार्ट फिर हेरा फेरी भी हिट थी. अब आज हेरा फेरी की रिलीज को 21 साल हो गए हैं. इस खास मौके पर फिल्म के प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला ने हेरा फेरी 3 को लेकर बड़ा अपडेट दिया है. उन्होंने कम्फर्म किया है कि अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ तीसरी इंस्टॉलमेंट लेकर आ रहे हैं।*

उन्होंने कहा, 'स्क्रिप्ट फाइनल हो गई है और जल्द ही इसकी ऑफिशयल अनाउंसमेंट की जाएगी. इस बार आइडिया सिर्फ हेरा फेरी 3 नहीं है बल्कि और हेरा फेरी भी है और हम उसका पूरा ख्याल रख रहे हैं.' फिरोज ने कहा, 'हम इस बार स्क्रिप्ट को लेकर थोड़ा ज्यादा ध्यान दे रहे हैं. अब जब चीजें सही जगह पर बैठ गई हैं तो मैं यही कहूंगा कि बनेगी तब जब 2-3 हेरा फेरी साथ बनेगी. फिरोज का ये भी कहना है कि इस फिल्म की फ्रेंचाइजी को आगे लेकर जाना काफी प्रेशर से भरा है और प्रेशर से ज्यादा इसमें जिम्मेदारी वाली बात है क्योंकि आपको ऑडियंस को अच्छा प्रोडक्ट देना है. भगवान ने हमें इतनी अच्छी फ्रेंचाइजी दी तो हमें स्टोरी, स्क्रीनप्ले और डायलॉग सब बेस्ट रखना होगा. हम इसे हल्के में नहीं ले सकते.' बता दें कि फिर हेरा फेरी में राजू ब्रिज पर वो एंटीक बंदूक को नदी में गिरने से बचाता है. फिरोज से पूछा गया कि क्या हेरा फेरी 3 की कहानी वहीं से शुरू होगी जहां दूसरे पार्ट का एंड हुआ था तो उन्होंने कहा, 'हां उसमें कहानी कन्टीन्यू होगी. लोगों को फाइनली उस लास्ट सीन का जवाब मिल जाएगा.' बता दें कि फिल्म के पहले पार्ट को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया था. वहीं दूसरे पार्ट को दिवंगत डायरेक्टर नीरज वोरा ने डायरेक्ट किया था. अब तीसरे पार्ट को कौन डायरेक्ट करेगा इसका जवाब जानने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं. वैसे आज फिल्म के 21 साल पूरे होने पर अक्षय ने धोली वाले सीन की फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'हमे उस समय नहीं पता था कि हम क्या फिल्म बना रहे हैं।

# एक साथ पांच प्रोजेक्ट्स पर काम करना और शूटिंग करना, एक मैड फेज रहा है : जैकलीन

जैकलीन फर्नांडीज लगभग एक साल से लगातार काम कर रही हैं। यही वजह है कि जैकलीन फर्नांडीज अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए एक सेट से दूसरे सेट के बीच कश्मकश कर रही हैं। 2021 की सबसे मजबूत लाइनअप के साथ, जैकलीन फर्नांडीज निश्चित रूप से बेस्ट लाइफ जी रही हैं। अपने काम की आगामी परियोजनाओं पर जैकलीन ने एक प्रमुख प्रिंट पब्लिकेशन के साथ साझा किया, एक साथ पांच प्रोजेक्ट्स पर काम करना और शूटिंग करना, एक मैड फेज रहा है। सभी त्यौहार सेट पर कास्ट और क्रू के साथ मनाए गए हैं। मैंने पिछले साल के अंत में भूत पुलिस के लिए पहाड़ों में शूटिंग शुरू की थी




और फिर सर्कस की शूटिंग के लिए मुंबई का रुख किया था। उसके बाद, मैं बच्चन पांडे के लिए राजस्थान गयी थी और अब, राम सेतु की बारी है। वह आगे कहती हैं, मैं फिल्मांकन की हर प्रक्रिया का आनंद ले रही हूं। इन भूमिकाओं को निभाना रोमांचक है क्योंकि प्रत्येक किरदार एक दूसरे से बहुत अलग है और एक से दूसरे में स्विच करना चुनौतीपूर्ण रहा है। शायद ही कोई ऐसा दिन रहा हो, जहाँ मैं ब्रेक ले सकती थी, लेकिन मेरे दोस्त, परिवार और टीम ने मेरा भरपूर साथ दिया है, जिस वजह से मैं इतना सब करने में सफल रही हूं। जैकलीन को एक ओर त्योहार आगामी फिल्म के सेट से बिताना पड़ा।

## कभी कॉलेज नहीं गया इसलिए कॉलेज की कहानियों से जुड़ नहीं पाया : राणा दग्गुबाती

बाहुबली फेम राणा दग्गुबाती को इस साल अभिनय के पेशे में 11 साल पूरे हो जाएंगे। बीते शुक्रवार को उनकी नई तेलुगु फिल्म अरन्या रिलीज हुई है। कई भाषाओं में रिलीज हुई इस फिल्म का तमिल वर्जन में शीर्षक कादन और हिंदी में हाथी मेरे साथी है। हालांकि मुंबई में कोविड मामलों की बढ़ती संख्या के कारण फिल्म की रिलीज को स्थगित कर दिया गया है। दादासाहेब फाल्के विजेता निर्माता डी.राम नायडू के पोते और तेलुगु सुपरस्टार वेंकटेश के भतीजे राणा ने 2010 में तेलुगु फिल्म लीडर से करियर शुरू किया था। इसके एक साल बाद उन्होंने रोहन हिप्पी की मल्टीस्टारर फिल्म दम मारो दम से बॉलीवुड में डेब्यू किया। राणा ने कहा, जब मैं इंडस्ट्री में आया था, तब बहुत कम विकल्प थे। मैं कोई ऐसा कलाकार नहीं हूं जो रोमांटिक फिल्में करता हो। मैं कॉलेज नहीं गया हूं इसलिए मैं ऐसी कहानियों से कभी जुड़ा ही नहीं। मैं ऐसा भी नहीं था जो बदला, एक्शन जैसी फिल्मों को बहुत पसंद करता हो, लिहाजा मेरे पास तो विकल्प और भी कम थे। ब्लॉकबस्टर बाहुबली में भल्लालदेव के किरदार से पूरे देश में मशहूर हुए राणा कहते हैं, मैंने कभी भी भाषा को एक बाधा के रूप में नहीं रखा।



# अगर आप बालों की समस्या से परेशान हैं तो इन तरीकों को अपनाएं



बालों का झड़ना एक आम शिकायत है। खासकर महिलाओं के बालों के स्प्लिट एंड्स हो जाते हैं। हेयर केमिकल्स और हेयर स्ट्रेटनर से स्प्लिट एंड्स का खतरा बढ़ जाता है। विभाजन के कारण बाल कहीं भी गिर सकते हैं। लेकिन अधिमानतः लंबे बाल समाप्त हो जाते हैं। कई महिलाओं को अपने सुंदर और लंबे बाल काटने पड़ते हैं। हालाँकि, आज हम आपको कुछ विशेष उपाय बताने जा रहे हैं जो निश्चित रूप से आपकी विभाजन की समस्या से छुटकारा पाने में आपकी मदद करेंगे। आवोकडो हेयर मास्क बालों को मजबूत और बेहतर बनाने के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। एवोकैडो हेयर मास्क बनाने के लिए एक अंडा और जैतून का तेल लें। इस तेल को अंडे में अच्छी तरह से मिलाएं और इसे बालों पर लगाएं। इसे लगभग 20 से 25 मिनट तक छोड़ दें। फिर बालों को पानी से धो लें। हनी और जैतून का तेल त्वचा और बालों दोनों के लिए फायदेमंद है। इन दोनों चीजों को एक साथ रखने से बाल चमकदार बनते हैं। एक चम्मच शहद और दो चम्मच जैतून का तेल मिलाएं और बालों पर लगाएं। इस मिश्रण को 20 मिनट तक रखें और फिर पानी से धो लें। विखंडित सिरों का मुख्य कारण रंग या रासायनिक होता है।

# वजन घटाने से लेकर चमकते चेहरे तक, एक कप चाय के हैं फायदे हजार



चाय सर्दी के मौसम में आपके दिन को ज्यादा सक्रिय बनाती है। 3000 से अधिक किस्मों के साथ एक कप चाय दुनिया भर में पानी के बाद सबसे अधिक पिया जाने वाला पेय है। भारतीय चाय के प्रति अपने लगाव के लिए जाने जाते हैं, और सर्दियों में यह कई लोगों के लिए एक आदत बन जाती है। चाय के कई लाभ हैं। 'हेल्थियंस' की वरिष्ठ पोषण विशेषज्ञ व स्वास्थ्य सलाहकार डॉक्टर सौम्या सताक्षी ने चाय के ये लाभ बताए हैं :

ऑक्सीडेशन स्तर के आधार पर चाय मुख्य रूप से पांच प्रकार की होती हैं। साधारण बोलचाल में, चाय जितनी कम ऑक्सीडाइज्ड होगी, स्वाद और सुगंध में उतनी ही सौम्य और बेहतर होगी।

**सफेद चाय :** यह चाय का सबसे कम प्रोसेस किया जाने वाला स्वरूप है, जो कि शानदार स्वाद और खुशबू देता है। यह एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होती है और यह कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर को कम करने में मददगार है। इसमें कैफीन की मात्रा कम होने के चलते, जो लोग अपने कैफीन सेवन पर ध्यान देते हैं उनके लिए यह सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। जो लोग अपना वजन घटाना चाहते हैं, वे एक चम्मच सफेद पत्ती, आधा चम्मच अदरक पाउडर और नींबू की कुछ बूंदें मिलाकर 15 दिनों इसका सेवन करें तो आशाजनक परिणाम देखने को मिलेंगे। फिनॉल की अधिक मात्रा के चलते, यह एलेस्टिन और कोलेजन को मजबूती प्रदान करता है, जिसके चलते यह झुर्रियों को रोकने और मुंहासे ठीक करने में भी मदद करता है।

**इसका रोजाना तीन-चार कप सेवन किया जा सकता है।**

**ग्रीन टी :** एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होने के कारण यह कोलेस्ट्रोल को कम करने और स्वस्थ कोशिकाओं तेजी से वृद्धि करने में मदद साबित होती है। इसमें चीनी मिलाकर इसका प्रयोग चेहरे की मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए फेस स्क्रब के रूप में भी कर सकते हैं। यह एक बेहतरीन टोनर है, जो कि बंद पड़े रोम छिद्रों को खोलने में मदद करती है। आंखों के आसपास सूजन को कम करने के लिए भी यह एक अच्छा विकल्प है। इसे बालों को साफ करने और उन्हें स्वस्थ रखने में भी प्रयोग किया जा सकता है। ग्रीन टी से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए, इसमें दूध, चीनी, क्रीम और यहां तक कि शहद भी न मिलाएं। उबलते पानी में एक चम्मच ताजी पत्तियों को मिलाएं और 2 से 3 मिनट रखने के बाद ही इसे पिएं। इसका रोजाना दो-तीन कप सेवन किया जा सकता है।

**ब्लैक टी :** यह चाय हृदय रोग के खतरे को कम करती है और डायबिटीज के स्तर को घटाती है। यह तैलीय त्वचा वाले लोगों के लिए आदर्श है, ब्लैक टी रोम छिद्रों में कसावट लाने, त्वचा में ताजगी लाने और आपके चेहरे पर एक प्राकृतिक एवं उज्ज्वल चमक लाने में मदद करती है।

**रूइबोस/हर्बल टी :** हर्बल टी में कैफीन नहीं होता और इसमें टैनिन कम होता है। इसमें कैंसर से लड़ने के गुण होते हैं और यह त्वचा की एलर्जी में भी लाभकारी होती है।

## अलाया फर्नीचरवाला को मिला बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड

पिछले साल रिलीज हुई फिल्म जवानी जानेमन में सैफ अली खान की बेटी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस अलाया फर्नीचरवाला को बेस्ट डेब्यू आर्टिस्ट (फीमेल) का अवॉर्ड मिला है। इस खुशखबरी को अलाया ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट करते हुए फैन्स के साथ साझा किया है। उन्होंने ट्रॉफी के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, वो मेरी है। बेस्ट डेब्यू फीमेल। उन्होंने आगे लिखा, मैं एक कान से लेकर दूसरे कान तक मुस्कुरा रही हूं। बहुत बहुत शुक्रगुजार हूं। शुक्रिया। शुक्रिया। शुक्रिया। आपके इतने प्यार और सपोर्ट के लिए आपकी शुक्रगुजार हूं।

## जवानों में तनाव

सुरक्षाबलों में बढ़ते तनाव की एक और घटना सामने आई है। पंजाब के अमृतसर जिले में बीएसएफ हेडक्वार्टर में रविवार सुबह एक जवान ने मेस में ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। फायरिंग में 4 जवानों की मौत हो गई और 2 गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं फायरिंग करने वाले जवान ने कुछ समय बाद खुद को भी गोली मार ली। अस्पताल ले जाते हुए उसकी भी मौत हो गई। फायरिंग की वजह ड्यूटी का विवाद बताया जा रहा है। जवानों द्वारा साथियों पर फायरिंग की यह पहली घटना नहीं है। कभी-कभार इस तरह के हादसे सामने आते रहे हैं। सवाल यह है कि आखिर जवानों में इस तरह की हिंसक प्रवृत्ति जन्म कैसे ले लेती है जो वे अपने ही साथियों के हत्यारे बन जाते हैं। इस कारण की पड़ताल के लिए सीआरपीएफ ने एक ड्राइव चलाई थी, जिसमें जवानों से बात की गई। बातचीत में सामने आया कि दूरदराज के क्षेत्रों में तैनाती, लंबे समय से परिवार से दूरी, त्योहारों के समय अपनों की याद। ऐसी तमाम वजहें हैं जो जवानों को ऐसा कदम उठाने पर मजबूर कर देती हैं। जवानों को ऐसे हालात से बचाने के लिए विभिन्न उपायों की खोज की जा रही है। हालांकि अभी बहुत बेहतर उपाय मिल नहीं सके हैं। हथियारों की आसानी से मौजूदगी इन मामलों का सबसे घातक पहलू है। सभी पैरामिलिट्री फोर्स के जवान हैं और उनके पास हथियार भी हैं। ऐसे में वह खुद को या अन्य साथियों को गोली मार देते हैं। आमतौर पर आत्महत्या की प्रवृत्ति उन जवानों में सर्वाधिक देखी जाती है जो सीमा पर पहरा देते हैं या जोखिम भरे क्षेत्रों में काम करते हैं। अक्सर इन कार्यों में जवानों को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। आंकड़ों पर गौर करें तो भारत-पाक सीमा पर गोलीबारी, आतंकवादी और उग्रवादी गतिविधियों के कारण पिछले तीन वर्षों में सुरक्षा बलों के तकरीबन चार सौ से अधिक जवानों ने जान गंवाई है। इनमें सबसे अधिक जवान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के शहीद हुए हैं। इस बल ने 2015 से 2017 के दरम्यान 167 जवानों को खोया है। अपने साथी जवानों की शहादत को देख कर अन्य जवानों का विचलित होना स्वाभाविक है। मनोवैज्ञानिकों की मानें तो इनमें से कुछ जवान अवसाद में चले जाते हैं। गृह मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में जवानों की आत्महत्या और अवसाद के कई कारण गिनाए थे, जिसकी वजह से पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न अर्धसैनिक बलों के चार सौ से अधिक जवानों ने आत्महत्या की और साथ ही अपने साढ़े तीन दर्जन से अधिक साथियों को निशाना बनाया। ध्यान दें तो आत्महत्या और साथियों को निशाना बनाने के अलावा बड़ी संख्या जवान नौकरी भी छोड़ रहे हैं। इसका मतलब साफ है कि जवान अपनी नौकरी की सेवा शर्तों को लेकर बहुत संतुष्ट नहीं हैं। सुरक्षा बलों में उच्चाधिकारियों को ऐसे मामलों पर गंभीरता से विचार करना ही होगा क्योंकि अगर वह ऐसी हरकतें करने लगे तो उससे सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। विषम परिस्थितियों में काम कर रहे जवानों के लिए अनुकूल वातावरण बनाना आवश्यक है क्योंकि काम का बोझ, परिजनों से दूरी, सुविधाओं तथा मनोरंजन का अभाव जवानों में तनाव का कारण बन रहे हैं। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को कुछ ऐसे कार्यक्रम करने चाहिए जिससे जवानों को मानसिक तनाव दूर करने में मदद मिल सके। इसके लिए योग काफी मुफीद साबित हो सकता है। आज के समय में योग केवल सेना ही नहीं बल्कि अर्धसैनिक बलों की गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण अंग बनता जा रहा है। बोझ से दबे जवानों को छुट्टी देने की प्रक्रिया को भी सरल बनाना जरूरी है। इसके अलावा यूनिटों में इस प्रकार का माहौल बनाया जाए कि जवानों को घर जैसा वातावरण लगे और वे अकेलापन महसूस न करे।

# आधी दुनिया पर बढ़ते अत्याचार कब रुकेंगें ?

**नरेन्द्र भारती**

**8 मार्च 2022 विश्व महिला दिवस पर विशेष –**

बेशक 8 मार्च 2022 को विश्व महिला दिवस मनाया गया जा रहा है। विश्व महिला दिवस 2022 की थीम जेंडर इक्वालिटि टुडे फार ए सस्टेनेबल टुमारो यानी एक स्थायी कल के लिए लैंगिक समानता रखी गई है।साथ ही इस बार महिला दिवस का रंग पर्पल ग्रीन और सफेद भी तय किया गया है।जिसमें पर्पल न्याय और गरिमा का प्रतिक है।जबकि हरा रंग उम्मीद और सफेद रंग शुद्वता से जुड़ा आज महिला दिवस पर ऐसे आयोजन केवल मात्र औपचारिकता भर रह गए है क्योंकि हर वर्ष एक संकल्प लिया जाता है कि महिलाओं कों अत्याचारों से मुक्ति दिलाई जाएगी अत्याचारों का खात्मा किया जाएगा सुरक्षा के लिए बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं मगर धरातल की सच्चाईयां बेहद ही खौफनाक तस्वीरें प्रस्तुत कर रही है। है।साल 1910 में कोपेनहेगन मे कामकाजी महिलाओं द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन किया गया था।जिसमें 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के तौर पर हर साल मनाने का सुझाव दिया गया था।तभी से विश्व महिला दिवस मनाया जाने लगा है। सबसे पहले 1911 में आस्टरिया ,डेनमार्क, जर्मनी औ स्विटजरलैंड में विश्व महिला दिवस मनाया गया था।आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता की बुलंदियां छु रही हैं चांद तक अपनी काबलियत का परचम लहरा रही है।महिलाओं की सुरक्षा के लिए सैंकड़ों कड़े कानून बनाए गए है मगर यह कानून सरकारी फाईलों की धूल चाट रहे है अगर सही तरीके से लागू किए होते तो इन मामलों में इजाफा नहीं होता।आज महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं है चाहे घर हो दफतर हो,बस,सड़क ,गली या चैराहा हो महिलाएं हर जगह असुरक्षित ही महसूस कर रही है।प्रतिदिन हैंवानियत की हदें लांघी जा रही है महिलाओं की अस्मिता का जनाजा निकाला जा रहा है।कश्मीर से कन्याकुमारी तक मंहिलाएं असुरक्षित है।आज हर जगह दुशासन महिलाओं की इज्जत नीलाम कर रहे हैं।विश्व गुरु हलाने वाले भारत में महिलाओं पर जुल्मों की सूची लम्बी होती जा रही हैं।जब देश की राष्ट्रीय राजधानी ही सुरक्षित नहीं है तो महानगरों व छोटे कस्बों का क्या हाल होगा इससे अदांजा लगाया जा सकता है।2020 में लॉकडाउन के समय महिलाएं सुरंक्षित थी मगर ज्यों ही लॉकडाउन खुल गया हैवानों ने हैवानियत शुरु कर दी थी।2021 में भी दरिंदगी की हदें पार होती रही थी।आधी दुनिया पर बढतें अत्याचार देंश के लिए अशुभ संकेत है।वर्ष 2022 में भी हालात सुधर नहीं रहे है देश में बेटियां हर जगह असुरक्षित महसूस कर रही हैं।बेटियों की सुरक्षा के दावे कहां है।यह एक यक्ष प्रशन है यह सुलगते प्रशन है कि बेटियां कब सुरक्षित होगी। साल के 365 दिन महिलाओं पर अत्याचार होते रहते हैं।आज महिलाओं पर अनगिनत अत्याचार हो रहे है मगर सरकारों की कुम्भकरणी नींद नहीं टूट रही है। आज कोई भी विश्वास के योग्य नहीं रहा है किस पर विशवास करें अपने ही हैवान बन रहे हैं।आज बाबुल की गलियां ही नरक बन गई हैं। अपने रक्षक ही भक्षक बन गए हैं बहु-बेटियां घर में ही असुरक्षित हैं समय= पर ऐसे घिनौने कर्म होंतें है कि कायनात कांप उठती है कि आदमी इतने नीच काम क्यों कर रहा है। महिलाएं कही भी महफूज नहीं है। महिलाओं पर बढते अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहे है। देश में प्रतिदिन घटित हो रही वारदातों से महिलाओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगता जा रहा है कि महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं है।इन वारदातों से हर भारतीय उद्वेलित है।सुरक्षा के दावों की पोल खुल गई है।महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इतंजाम करने होगें तभी इन पर रोक लग सकती है। जघन्य व दिल दहला देने वाली दुष्कर्म की घटनाओं से जनमानस खौफजदा है।आखिर कब तक बेटियां दरिंदगी का शिकार होती रहेगी। ऐसी बारदातें बहुत ही चिंतनीय हैं।बेखौफ दरिंदें अराजकता फैला रहे है दरिंदों की दरिंदगी की वारदातें कब रुकेगी,अपराध की तारीख बदल जाती है ,मगर तस्वीर नहीं बदलती।आंकड़ों के अनुसार 12 सितंबर 2018 को हरियाणा के रेवाड़ी में एक 19



साल की मेधावी छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म कर दिया था। 27 जून 2018 को मध्यप्रदेश के मंदसौर में एक सात साल की नाबालिग स्कली बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना से हर भारतीय उद्वेलित हुआ था।यह बच्ची तीसरी में पढ़ती थी।

मासूम से हुई दरिंदगी व हैवानियत की यह घटना बहुत ही दिल दहलाने वाली थी। दरिंदों ने जिस बर्बरता व हैवानियित से घटना को अंजाम दिया था उससे रौंगटे खडे हो जाते है। दरिंदों ने दरिंदगी की हदे पार कर दी थी। 16 दिसंबर 2012 सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्म की वारदात से हर भारतीय उद्वेलित हुआ था।यह रौंगटे खड़े कर देने वाली घटना बहुत ही दुखद थी।हर रोज अस्मत लूटी जा रही है।दरिंदों द्वारा हर राज्य में दरिंदगी का सामाज्य बना रहे है।दरिंदों की अराजकता बढ़ती ही जा रही है।जंगलराज ग़्स्थितियां बन रही है।कानून को धता बताकर दरिंदें दरिंदगी का तांडव कर रहे है। दरिंदों को सरेआम मौत के घाट उतारना हागा ताकि आने वाले समय में दरिंदे कई बार सोचेगें की उनकी करतूतो का क्या अंजाम होगा। अब समय आ गया है कि दरिंदों को फांसी की सजा से ही इन मामलों पर विराम लग सकता है।वर्ष 2021 के जनवरी माह से देश के हर राज्य में इन मामलों में बेतहासा वृद्धि होती जा रही है।साल के दो माह में यह दुष्कर्म रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। सरकार को इन मामलों पर त्वरित कारवाई करनी होगी।हर रोज दरिंदें दरिंदगी का तमाशा कर रहे है।देश में दुष्कर्म के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है।इससे पहले कठुआ में भी एक बच्ची के साथ दरिंदगी का मामला प्रकाश में आया था। प्रतिदिन इन अपराधों में इजॉफा होता जा रहा है।देश में दरिंदगी की वारदातें कब रुकेंगीं।गत वर्ष हिमाचल में भी गुडिया कांड हुआ था।इससे पहले देश की राजधानी दिल्ली में दिल दहला देने वाला कृत्य हुआ था जब द्वारका नार्थ इलाके में देर रात टैक्सी से घर लौट रही एक महिला से उबर जैसे रेप का मामला घटित हो गया था।यह बहुत ही घिनौना कृत्य है कि ऐसेप्रकरण थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। देश में लड़कियां कितनी महफूज है इन घटनाओं से अंदाजा लगाया जा सकता है। 26 मार्च 2017 को उतर प्रदेश के लखीमपुरीमें दो नाबालिग बहनों के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। ऐसी वारदातें खौफनाक है।रेप व हत्या की ऐसी घटनाएं दिल दहला देने वाली हैं।26 मार्च को ही नई दिल्ली में एक युवक ने एक बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने दुष्कर्म किया।देश में हर रोज अबोध बच्चियों से लेकर अधेड़ उम्र की महिलाओं से दुष्कर्म कर रहे है।फांसी की सजा से ही इन मामलो पर विराम लग सकता है। 2018 में भी अत्याचारों का सिलसिला बेखौफ चलता रहा दरिंदों ने अपनी दरिंदगी का नंगा नाच जारी रखा। हजारों महिलाएं व नाबालिग बच्चीयां दुष्कर्मो का शिकार हुई। वर्ष 2021 के प्रथम माह जनवरी से ही महिलाओं पर अत्याचारों की शुरुआत हो चुंकी है जनवरी से लेकर मार्च माह तक में देश में हजारों घटनाएं घटित हो चुंकी हैं ।प्रतिदिन ऐसे मामले हो रहे है औरनिरंतर इन मामलों में बेतहासा वृद्धि हो रही है। छेड़छाड के अलावा तेजाब व दुष्कर्म की घटनाएं भी बदस्तूर जारी है वर्ष 2019 में एक खौफनाक व दरिंदगी की हदें पार करने वाला घटनाक्रम पंजाब के मोगा में हुआ था जब बदमाशों ने चलती बस में लडकी से छेड़छाड़ की और विरोध करने पर बस से फैंक दिया जिस कारण उस लड़की की मौत हो गई थी। गत वर्ष उतर प्रदेश का बंदायू एक बार फिर शर्मसार हुआ था।

## जीवन और मृत्यु

चीन में लाओत्से के समय में ऐसी प्रचलित धारण थी कि आदमी के शरीर में नौ छेद होते हैं। उन्हीं नौ छेदों से जीवन प्रवेश करता है और उन्हीं से बाहर निकलता है। दो आंखें, दो नाक के छेद, मुंह, दो कान, जननेंद्रिय, गुदा। इसके साथ चार अंग हैं- दो हाथ और दो पैर। सब मिला कर तेरह। यही तेरह अंग जीवन के साथी हैं और मृत्यु के भी साथी हैं। यही तेरह जीवन में लाते हैं और यही जीवन से बाहर ले जाते हैं। तेरह का मतलब यह पूरा शरीर। इन्हीं से तुम भोजन करते हो; इन्हीं से जीवन पाते हो; इन्हीं से उठते-बैठते और चलते हो। यही तुम्हारे स्वास्थ्य का आधार हैं और यही मृत्यु का भी आधार होंगे। क्योंकि जीवन और मृत्यु एक ही चीज के दो नाम हैं। इन्हीं से जीवन तुम्हारे नाम आएगा, इन्हीं से बाहर जाएगा। इन्हीं से शरीर के भीतर खड़े हो। इन्हीं के साथ शरीर टूटेगा, इनके द्वारा ही टूटेगा। हैरानी की बात है। यही तुम्हें संभालते हैं और यही मिटाएंगें। भोजन तुम्हें जीवन देता है, शक्ति देता है और भोजन की शक्ति से अपने भीतर की मृत्यु को बड़ा किये चले जाते हो। भोजन तुम्हें बुढ़ापे तक पहुंचा देगा, मृत्यु तक पहुंचा देगा। आंख, नाक, कान से जीवन की श्वास भीतर आती है। उन्हीं से बाहर जाती है। नौ द्वार और चार अंग। लाओत्से कहता है- तेरह ही जीवन के साथी, तेरह ही मौत के साथी। ये तेरह ही ले जाते हैं। अगर तुम सजग हो जाओ तो तुम चौदहवें हो। इन तेरह के पार हो। इस तेरह की संख्या के कारण चीन और फिर धीरे-धीरे सारी दुनिया में, तेरह का आंकड़ा अपशकुन हो गया। इस सुपरस्टीशन की पैदाइश चीन में हुई। अमेरिका में होटलों में तेरह नंबर का कमरा नहीं होता; तेरह नंबर की मंजिल भी नहीं होती। क्योंकि कोई तेरह नंबर पर ठहरने को राजी नहीं है। तेरह शब्द से ही घबराहट होती है।

## नफ़रत और युद्ध के बीच सद्भावना की कड़ी बन रही महिलाएं

**सोनम लववंशी**

किसी ने क्या खूबसूरत लिखा है कि, ÷हर दुःख-दर्द सहकर वो मुस्कुराती है, पत्थरों की दीवार को औरत ही घर बनाती है।÷ लेकिन आज भी महिलाओं की स्थिति समाज में संतोषजनक नहीं और हम 8 मार्च को एक बार फ़िर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए एकत्रित हो रहें हैं। महिलाओं के साथ हो रहें दोयम दर्जे के व्यवहार को आप एक हालिया घटनाक्रम से भी जोड़कर देख सकते हैं। अभी बीते दिनों ही भारत और पाकिस्तान के बीच महिलाओं का क्रिकेट मैच हुआ। जिसमें जीत भारतीय महिलाओं की हुई, लेकिन वो शोर-शराबा हमारे समाज में देखने को नहीं मिला। जो माहौल हम पुरुष क्रिकेट टीम के जीतने पर देखते हैं। वैसे ये सिर्फ़ एक उदाहरण मात्र है और ऐसे हमारे समाज में अनगिनत उदाहरण मिल जाएंगे। जो महिलाओं के साथ हो रहें दोयम रवैये की पोल-पट्टी खोलते हैं, फिर भी आज बात कुछ सकारात्मक होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि महिलाएं भले सदैव समाज में एक सम्मानित स्थान पाने के लिए जद्दोजहद करती हो, लेकिन वो महिलाएं ही हैं। जो सदैव युद्ध और नफ़रत के बीच शांति और प्रेम का परचम लहराने का प्रयास करती हैं।

अब भारत और पाकिस्तान की महिला टीमों के बीच हुए बीते दिनों का मुकाबला ही उठाकर देख लीजिए। जहां पाकिस्तानी टीम की कप्तान बिस्मा मारूफ अपनी छोटी सी बेटी को गोदी में लेकर जब क्रिकेट के मैदान पर आती हैं। उसके बाद भारतीय महिला खिलाड़ियों का दल उन्हें और उनकी बिटिया को घेर लेता है और जमकर नन्हीं सी बेटी के साथ सभी प्यार-दुलार करते हैं। जिसके विडियोज और फ़ोटोज़ अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहें हैं। ऐसे में एक बात स्पष्ट है कि भले सियासतदां दोनों मुल्कों के कितना भी दुश्मनी अदा कर लें, लेकिन जब बात इंसानियत और मानवता की आती है। फिर



शत्रुता और वैमनस्यता उसके सामने टिक नहीं पाते। एक अन्य उदाहरण देखें तो अभी रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है। इसी बीच यूक्रेन की पूर्व मिस ग्रैंड इंटरनेशनल ने रूस के खिलाफ बंदूक उठाई और फैसला किया कि वो अपने देश के लिए रूस के खिलाफ लड़ेंगी, लेकिन उन महिलाओं के ख़िलाफ़ भी सोशल मीडिया पर काफ़ी अनाप-शनाप प्रचारित-प्रसारित किया जा रहा। जो अपने देश के अस्तित्व को बचाने के लिए उठ खड़ी हुई है। ऐसे में देखें तो यहां भी महिलाएं एक अलग प्रकार से ही समाज के निशाने पर हैं। फिर भी गौर करने वाली बात है कि मिस यूक्रेन एक ब्यूटी क्वीन रही हैं, लेकिन वक्त आने पर उन्होंने अपने स्वभाव के ठीक उलट जाकर अपने देश की रक्षा करने के लिए बंदूक उठाई और यह गुण कहीं न कहीं एक महिला के भीतर ही मिल सकता है। बात अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की निकली ही है तो महिलाएं समाज का एक अहम हिस्सा हैं लेकिन वक्त के साथ महिलाएं समाज और राष्ट्र के निर्माण का भी एक अहम हिस्सा बन चुकी हैं। घर-परिवार से सीमित रहने वाली महिलाएं अब चारदीवारी से बाहर निकलकर अन्य क्षेत्रों की ओर बढ़ी हैं। खेल जगत से लेकर मनोरंजन तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा मंत्रालय तक में महिलाएं न केवल शामिल हैं बल्कि बड़ी भूमिकाओं में हैं।इन सबके बावजूद अभी भी कुछ खामियां हैं हमारे समाज में जिन्हें दूर किए बिना महिला दिवस की सार्थकता सिद्ध नहीं की जा सकती और शायद यही वज़ह है कि इस बार के अंतरराष्ट्रीय महिला की थीम %जेंडर इक्वालिटी टुडे फॉर ए सस्टेनेबल टुमारो% रखी गई है। वैसे देखें तो आज हमारे समाज में लैंगिक असमानता बहुत बढ़ गई है। जिसका परिणाम यह हुआ है कि वैश्विक आर्थिक मंच की अंतरराष्ट्रीय लैंगिक रिपोर्ट 2021 में हम 156 देशों की लिस्ट में 140 वें पायदान पर पहुँच गए हैं। ऐसे में बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ के दौर में महिला समानता के दावों की पोल अपने आप खुलकर सामने आ रही है और रही- सही कसर कोरोना महामारी ने पूरी कर दी है। दुनिया में जब कोई विपत्ति या महामारी आती है। तब- तब महिलाओं को इसकी क़ीमत चुकानी पड़ती है और यह बात कोरोना काल पर भी लागू होती है। इस दौरान विश्व भर में लाखों महिलाओं ने अपनी जॉब खोई। अब सवाल यही उठता है।

# माँ शक्ति है, साहस है

### सूडोकु नवताल- 6004

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6003 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**डॉ. वंदना सेन**

**(महिला दिवस पर विशेष)**

बहुत समय पहले मैंने एक फ़िल्म देखी थी। फ़िल्म का नाम था दीवार। इस फ़िल्म की कहानी कितनी ही सही हो लेकिन फ़िल्म की एक लाइन लंबे समय तक याद की जाती है, जिसमें अभिनेता शशि कपूर अपने भाई अमिताभ बच्चन से कहते थे कि मेरे पास माँ है। इस शब्द को सुनकर अमिताभ बच्चन निरुत्तर हो जाते हैं। वास्तव में भारतीय संस्कृति में माँ शब्द में एक ऐसा अपनापन है। जिसमें ममता की गहराई है, वात्सल्य का ऐसा अमूल्य खजाना है, जो दुनिया में कहीं अन्यत्र नहीं मिल सकता। इसीलिए हमारे महापुरुषों ने माँ को भगवान का दर्जा दिया है, वहीं किसी भी बच्चे के लिए प्रथम गुरु भी केवल माँ ही है। वास्तव में आज के वातावरण में भी माँ की अद्भुत ममता का कोई मुकाबला नहीं है। कहते हैं किसी व्यक्ति के पास दुनिया की सारी दौलत है और माँ नहीं है, तो वह दुनिया का सबसे बड़ा गरीब आदमी है। दुनिया में धन तो परिश्रम करके भी कमाया जा सकता है, लेकिन माँ का प्यार पैसे से कभी नहीं खरीदा जा सकता है।

कहते हैं भगवान हर समय हर जगह उपलब्ध नहीं हो सकता हैं, इसी लिए भगवान ने माँ को बनाया हैं। हालांकि माँ की महानता को प्रदर्शित करते हुए बहुत कुछ लिखा जा चूका है, पढाया जा चुका हैं पर फिर भी माँ की महिमा इतनी अपरंपार है कि इसके बाद भी सब कम ही लगता हैं। वास्तव में माँ की महानता के लिए शब्द दे पाना अत्यंत ही दुष्कर कार्य है। भारत में माँ को पूजने के लिए एक दिन नहीं, पूरी जिंदगी लोग लगा देते हैं। कहा जाता है कि माँ की ममता अनमोल है, उसकी कीमत कोई नहीं चुका सकता है। जन्म से पूर्व भी माँ हमको नौ महीने तक संभाल कर रखती है। यत्र नार्यन्तु पूज्यते, रमन्ते तत्र देवता। जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। यहां देवता का आशय किसी मूर्ति या चित्र से नहीं है, बल्कि एक ऐसे वातावरण से है, जो भारतीय वातावरण से ओतप्रोत है। जहां ऐसी मानसिकता का आंतरिक बोध है जो समस्त भूमंडल पर नारी की शक्ति को प्रकट करती हैं। वास्तविकता यह है कि नारी भगवान द्वारा की गई ऐसी रचना है, जिसके हृदय में सूर्य जैसा तेज, समुद्र जैसी गहरी गंभीरता, मन को स्नेह भाव सिक्त करने वाली चन्द्रमा जैसी शीतलता और पृथ्वी जैसी सहनशील करने वाली क्षमता है। इसलिए भारतीय संस्कृति में नारी का सर्वोच्च स्थान है। कहने का तात्पर्य यही है कि नारी ही शक्ति है और नारी ही नारायणी है।

वर्तमान समय में घर का उचित रूप से कामकाज संभालने वाली नारी दोहरी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है। अपने कुशल प्रबंधन के चलते नारी इस भूमिका में अपनी सार्थकता को बेहतर तरीके से प्रमाणित करती है। कहा जाता है किसी भी व्यक्ति की प्रथम गुरु उसकी माँ होती है। किसी व्यक्ति में जो भाव और संस्कार माँ देती है, वह उसके सम्पूर्ण जीवन का महत्वपूर्ण आधार होती है। यह भाव ही व्यक्ति के जीवन की दिशा तय करते हैं। कहते हैं कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं, इस मामले में माँ की बड़ी भूमिका होती है। माँ चाहे तो अपने बच्चों का भविष्य बना सकती है, चाहे तो बिगाड़ सकती है। इसलिए किसी भी व्यक्ति के लिए मां का स्थान पूजा के स्थान से कम नहीं होता। जिसके मन में माँ या नारी के प्रति श्रद्धा भाव रहता है, उसके जीवन में समाधान की राह प्रशस्त होती जाती है।

महिलाओं के बारे में यह कहना किसी प्रकार की अतिशयोक्ति नहीं है कि नारी समाज की शिल्पकार होती है। वह परिवार और समाज को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का अभूतपूर्व सामर्थ्य भी रखती है। आज परिवार में जो वातावरण दिखाई देता है, उसे बनाने में नारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह सर्वथा प्रामाणिक तथ्य है कि जब हम एक आदमी को शिक्षित करते हैं तो मात्र एक व्यक्ति ही शिक्षित होता है, लेकिन जब आप किसी नारी को शिक्षित करते है तो एक पूरी पीढ़ी को तो शिक्षित किया ही जाता है, बल्कि पूरे वातावरण में शिक्षा की सुरभि को प्रवाहित करते हैं। कहा जाता है कि जब आसपास के वातावरण में शिक्षा की सुगंध प्रसारित होती है तो वहां निवास करने वाले व्यक्ति सुख और शांति के साथ जीवन यापन करते हैं। वर्तमान में महिलाओं ने जिस शक्ति का अहसास कराया है, वह अतुलनीय है। हालांकि भारत में नारी की महत्ता को किसी भी जमाने में कम नहीं माना गया। पुरातन काल में भी भारतीय नारी ने पुरुषों के उत्थान में कदम कदम पर सहारा दिया है। जहां तक आध्यात्मिक और धार्मिक पक्ष की बात है तो यही कहा जाता है कि पुरुष यदि शिव है तो नारी उसकी शक्ति है।

## यूक्रेनः चीन की चतुराई

**वेदप्रताप वैदिक**

इस समय सारी दुनिया का ध्यान यूक्रेन पर लगा हुआ है लेकिन इस संकट के दौरान चीन की चतुराई पर कितने लोगों ने ध्यान दिया है? इस समय पिछले कुछ वर्षों से चीन और अमेरिका के बीच भयंकर अनबन चल रही है। चीन पर लगाम लगाने के लिए अमेरिका ने चार देशों– भारत, आस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका का चौगुटा (क्वाड) खड़ा कर लिया है। 'आकुस' का सैन्य संगठन पहले से बना ही हुआ है। चीनी-अमेरिकी व्यापार, ताइवान और दक्षिण चीनी समुद्र के सवाल पर इन दोनों देशों में तनातनी चल रही है। चीन में हुए ओलंपिक खेलों का भी अमेरिका और उसके साथी राष्ट्रों ने बहिष्कार किया है लेकिन इन सब चीन-विरोधी हरकतों के बावजूद यूक्रेन के सवाल पर जब-जब वोट देने का सवाल आया, चीन ने कभी भी अमेरिकी प्रस्ताव के विरुद्ध वोट नहीं दिया। उसने भारत की तरह तटस्थता दिखाई। परिवर्जन (एब्सटेन) किया। क्यों किया? क्या वह अमेरिका से डरता है? नहीं! उसे अमेरिका से कोई डर नहीं है। वे आर्थिक और सामरिक दृष्टि से भी अमेरिका के मुकाबले सीना तानकर खड़ा हो सकता है। वह अमेरिका के लिए रूस से कई गुना बड़ा खतरा बन सकता है। आजकल चीन और रूस का संबंध वैसा कटु नहीं है, जैसे माओ और ख्रुश्चौफ के जमाने में था। आजकल ये दोनों राष्ट्र गलबहियां डाले हुए हैं। चीन की फौज और अर्थव्यवस्था इस समय इतनी बड़ी है कि चीन जब चाहे रूस की सहायता कर सकता है। चीन और रूस शांघाई सहयोग संगठन के सदस्य भी हैं। इसके बावजूद यूक्रेन के सवाल पर चीन ने कभी रूस के समर्थन में वोट नहीं दिया। जब भी सुरक्षा परिषद, महासभा या मानव अधिकार परिषद में यूक्रेन का मामला उठा तो उसने खुलकर रूस के समर्थन में एक शब्द भी नहीं बोला। इस सावधानी का रहस्य क्या है? वह भारत की तरह तटस्थ क्यों हो गया है? भारत की तो मजबूरी है, क्योंकि रूस और अमेरिका, दोनों के ही भारत से अच्छे संबंध हैं। यों भी भारत अपनी गुट-निरपेक्षता या तटस्थता के लिए जाना जाता रहा है। चीन की तटस्थता का जो रहस्य मुझे समझ में आता है, वह यह है कि वह रूस के इस अतिवादी कदम का समर्थन करके दुनिया में अपनी छवि खराब नहीं करवाना चाहता है। वह अपने आप को विश्व की महाशक्ति मनवाना चाहता है। इतना काफी है कि वह रूस का विरोध नहीं कर रहा है। दूसरी बात यह है कि अमेरिका के साथ वह अपने दरवाजे खुले रखना चाहता है। यदि वह रूस का अंध-समर्थन करने पर उतारु हो जाता तो चौगुटे के चारों देशों और यूरोपीय राष्ट्रों के साथ चल रहा उसका अरबों-खरबों डॉलर का व्यापार भी चौपट हो सकता था।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष: बदलते वक्त के साथ महिलाओं के आत्मविश्वास ने फहराया नारी शक्ति का परचम

**हर दुख दर्द सहकर भी मुस्कुराती है।**
**पत्थर की दीवारों को औरत ही घर बनाती है।।**

**( हेमा अग्रवाल, समाजसेवी )**



8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान में मनाया जाता है, इसका उद्देश्य दुनियाभर की महिलाओं के जीवन में सुधार, जागरुकता लाना व समाज में उनके योगदान पर ध्यान केंद्रित करना है। भारत में महिलाओं की स्थिति काफी उतार-चढाव वाली रही है। हालांकि आज महिलाओं की स्थिति पहले से बेहतर है क्योंकि महिलाएं शिक्षित, जागरूक, समझदार व अपने निर्णय लेने में सक्षम हो रही हैं। संविधान ने महिलाओं के हित में अधिकार पहले ही दे दिए थे, कानून भी उनके हित में था। किन्तु शिक्षा जागरूकता की कमी, रुढिवादी अंधविश्वासी परंपराओं के चलते वे उनका उचित लाभ नहीं ले पा रही थीं, परन्तु अब अपराध, शोषण व गलत बातों के खिलाफ वो इन अधिकारों का उपयोग कर अपने जीवन को खुशहाल बनाने की कोशिश कर रही हैं। इसके अलावा पारिवारिक, सामाजिक सहयोग द्वारा भी ये सब संभव हो पाया है। इसी का नतीजा है कि एनएफएचएस के आंकडो के अनुसार वर्तमान में देशभर में 1000 पुरूषों पर 1020 महिलाएं हैं, जो महिलाओं की सकारात्मक मजबूत स्थिति को दर्शाता है। पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की स्थिति में तेजी से सकारात्मक बदलाव आया है, शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं भी घर-परिवार, रसोई, बच्चों आदि की सफल जिम्मेदारी संभालने के साथ-साथ जल-थल-नभ सैना, शिक्षा, राजनीति, व्यवसाय, नौकरी, खेलकूद हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं, जैसे खेलजगत से तीरंदाज दीपिका कुमारी, चंबल की पावरलिफ्टर ईशा सिंह, हॉकी से गुरजीत कौर, महिला पहलवान शिवानी व अंजू, बैडमिंटन खिलाडी पीवी सिंधू व सायना नेहवाल, उडनपरी पीटी ऊषा, स्वर कोकिला लताजी, ममता बनर्जी, अनेक महिला आईएएस व आईपीएस, लडाकू विमान पायलट शिवांगी सिंह, ट्रेन ड्राइवर सुरेखा यादव, इंजन चालक लक्ष्मी लाकरा, पायलट सरला ठकराल, इंदौर की बस ड्राइवर रितु नरवाल, ऑटो टेक्सी ड्राइवर शीला डावरे जैसी हजारों महिला ऑटो ड्राइवर हैं, जो सम्मान के साथ मेहनत कर परिवार के भरण पोषण में सहयोग कर रही हैं। ये सभी प्रतिभाशाली महिलाएं हैं, जो शक्तियों के नए आयाम गढ रही हैं, ये किसी भी महिला के लिये आदर्श हो सकती हैं। विश्व में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी दर्शा रही है कि आने वाले दिनों में उनका भविष्य निश्चित ही उज्ज्वल होगा।

## बदलाव के लिए अभी बाकी है लंबा सफर

**(भावना जैन, संयोजिका विहिप मातृशक्ति )**

आज अगर महिलाओं की स्थिति की तुलना सैकडों साल पहले के हालात से की जाए तो यही दिखता है महिलाऐं पहले से कहीं ज्यादा तेज गति से अपने सपने पूरे कर रही है।



पर वास्तविक परिपेक्ष में देखा जाए तो महिलाओं का विकास सभी दिशाओं में नहीं दिखता खासकर ग्रामीण इलाक़ों में। अपने पैरों पर खडे होने के बाद भी महिलाओं को समाज की बेडियाँ तोडने में अभी भी काफी लंबा सफर तय करना है। आज भी समाज की भेदभाव की नजरों से बचना महिलाओं के लिए नामुमकिन सा दिखता है। ऐसा लगता है की पुरुष और महिला के बीच की इस खाई को भरने के लिए अभी काफी वक्त और लग सकता है। कई अवसरों पर देखा गया है की महिलाओं के साथ निम्न दर्जे का बर्ताव किया जाता है। उन्हें अपने दफ्तरों में भी बडी जिम्मेदारी देने से मना कर दिया जाता है। कई औरतें अपने साथ होते इस सुलूक को ही अपनी किस्मत मान लेती है और जो उनके साथ हो रहा है उसके साथ ही अपना जीवनयापन कर लेती है। पर सबके साथ ऐसा नहीं है। समाज में महिलाओं के कई ऐसे उदाहरण भी है जो छोटी उम्र की लडकियों के लिए प्रेरणा है। इनमें ऐसी भी लडकियाँ है जिनका खुद का परिवार ही उनका साथ देने को तैयार नहीं था पर उन्होंने अपने दम पर समाज की विचारधारा को बदल कर रख दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला पिछडेपन का एकमात्र कारण सही शिक्षा प्रबंध का न होना है। गांव में पुरुष भी अपनी जिंदगी का एकमात्र लक्ष्य यही मानता है की उसे सिर्फ दो वक़्त की रोटी का जुगाड करना है। ऐसे माहौल में पुरुषों से महिला सशक्तिकरण की उम्मीद करना बेकार है। महिलाओं को जरुरत है कि वे अपनी क्षमता को पहचानें और प्रयास करे की अपने परिवार के साथ-साथ देश और समाज के विकास के प्रति भी अपनी भूमिका को निभा सके। सरकार को भी ज्यादा से ज्यादा योजना महिलाओं के विकास लिए चलानी चाहिए। ये बदलाव तभी संभव है जब सारा समाज एक साथ खडा होकर सकारात्मक रुख से काम करें।




## नई ऊंचाइयां छू रहा है नारी का जीवन

**( शिल्पी जैन, समाजसेविका )**

नारी जीवन के 365 दिन 24 घंटे घर परिवार को समर्पित करती रहती है, कभी रोती है तो कभी चुप रहती है कभी खिलखिलाती है और हर रिश्ते को निभाती है व हर परिस्थिति को संभालने की कोशिश करती है, यही भारतीय नारी का जीवन है । लेकिन बदलते समय में नारी घर को तो संभालती ही है साथ ही अपना प्रोफेशनल वर्क भी करती है। नारी को अब भी कमजोर या अबला मानते हैं



लेकिन समय बदल रहा है और वक्त का पहिया भी घूम रहा है। नारी का जीवन अब नई उड़ान और ऊंचाइयां ले रहा है इसलिए अब नारी को रुकना नहीं है और अपनी मंजिल तय करना है। वर्तमान समय मे महिलाएं अब अबला नहीं रहीं है बल्कि बदलते वक्त के साथ सबला हो गयी है। शिक्षा हो या जॉब, राजनीति हो या अन्य कोई कार्य महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपना दबदबा बनाकर रखा है। महिलाओं को कमजोर समझने वाला मानव समाज भी अब महिलाओं की कार्यकुशलता का लोहा मान चुका है। यह तो सर्वविदित है कि महिलाओं में पुरुष की अपेक्षा आत्मबल और इच्छाशक्ति दोगुनी होती है अर्थात कोई भी महिला पुरुष की अपेक्षा अत्यधिक कार्य कर व संभाल सकती है।

## कहते है हौसले बुलन्द हो तो मंजिल मिली ही जाती है.....

**सरिता गोयल, विहिप सह-संयोजिका**

नारी ईश्वर की बनाई वह शक्ति जिसके समक्ष ईश्वर भी नतमस्तक रहते हैं, बस महिलाओं को



अपनी हौसलों को बुलंद रखना होगा। उन्हें शिक्षा को अपना हथियार बनाकर छुपी हुई प्रतिभा को उभारना होगा। शिक्षा और साहित्य, समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली श्रीमती सरिता गोयल भी एक लगनशील जुझारू महिला है, जो हौसले के बल पर इस मुकाम तक पहुंची है। श्रीमती सरिता गोयल एक छोटे से कस्बे से हैं, जहां शिक्षा मात्र 12वी तक ही सीमित थी, आगे की शिक्षा के शहर पर निर्भर थी। उन्होंने शिक्षा को महिलाओं सबसे बड़ा हथियार मानते हुए कई विषयों में मास्टर डिग्री पूर्ण की है। उनके द्वारा कई पुस्तकें लिखी गई है, शिक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने वाली श्रीमती गोयल वर्तमान में कई बच्चियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर चुकी हैं। श्रीमति गोयल शिक्षा के क्षेत्र में सदैव बच्चियों को जागरूक करती रहती हैं। उनका मानना है विश्वास हो तो मंजिल दूर नहीं होती है। जो विषम परिस्थितियों में भी अपनी छाप छोड़ जाएं, उसे ही नारी कहते है।



## नारी को मान दो-सम्मान दो-

**(सरिता जैन, मुरैना)**


नारी को सम्मान दो, सम्मान दो,
दे सको तो मान दो,अभिमान दो।
नारी से जन्में हैं, तीर्थंकर भगवान
नारी का तुम साथ दो, तुम हाथ दो।
इस धरा पर नारी ने, बहुत ही जुल्म हैं सहे,
फिर भी सब भूल कर, पुरुष के साथ रहे।
अपना घर छोड़कर, वो सारा जीवन संग रहे,
दुख में हो या सुख में, हर पल साथ रहे।
नारी को सम्मान दो, सम्मान दो,
दे सको तो मान दो, अभिमान दो।

## लोगों ने दिखाई मानवता, गरीब महिला को दिलाई मदद

मुरैना। सोमवार को शहर के बेरियल चौराहा पर एक गरीब महिला रोटी बनाने के लिए एक दुकान पर गेहूं लेने गई और उस पर रुपए नहीं थे, जब दुकानदार युवक ने वृद्ध महिला के बारे में उससे पूछा तो उसने अपनी गरीबी का हाल बताया, जिसके बाद दुकानदार नीरज सेंगर ने उसे 100 रुपए की मदद की और फिर उसने बुद्धिस्ट सोसाइटी की टीम को जानकारी दी, जिसके बाद मदद करने वालों की लाइन लग गई। बताया जाता है कि राजकुमार बौद्ध, डॉ राजू नागोरिया, राजेश बाजोरिया, पवन चंदेल, राजवीर, इंद्रजीत, रोशन साहब सिंह, जितेंद्र आदि ने वृद्ध महिला को दाल, चावल, तेल एवं अन्य सामान के साथ खटिया चादर के अलावा नगद रुपए से मदद कर मानवता की मिसाल पेश की है।

## लोडिंग वाहन पलटने से 7 घायल

मुरैना। सराय छोला थाना क्षेत्र के हेतमपुर गांव के पास हाईवे पर सोमवार की सुबह अचानक नींद लगने से लोडिंग टेंपो पलट गया, जिसस ड्राइवर सहित 7 सवारियां घायल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल उपचार के लिए भेजा।



# माकपा ने सरकार व पुलिस के गैर लोकतांत्रिक कार्यवाही के विरोध में राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

### मामला माकपा राज्य मुख्यालय में अनाधिकृत रूप से पुलिस द्वारा वरिष्ठ नेता व राज्य समिति सदस्य एटी पदमनाभन की गिरफ्तारी का



**कैलारस।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य मुख्यालय में पुलिस द्वारा अनाधिकृत रूप से वरिष्ठ सीटू नेता, माकपा राज्य समिति सदस्य ए टी पद्मनाभन को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में माकपा की इकाई द्वारा तहसील पर नारेबाजी करते हुए राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया।

माकपा नेताओं ने बताया कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य मुख्यालय में पुलिस द्वारा अनाधिकृत रूप से सुबह 6 बजे प्रवेश कर वरिष्ठ सीटू नेता, माकपा राज्य समिति सदस्य ए टी पद्मनाभन को गिरफ्तार कर लिया तथा राज्य सचिव मंडल सदस्य सीटू के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास गोस्वामी के मोबाइल से जरूरी दस्तावेज सहित घटना के फोटो व वीडियो डिलीट कर दिए। पुलिस की इस घटना की सर्वत्र निंदा की जा रही है। माकपा ने इसे शिवराज सरकार की तानाशाही बताया है। जब विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है, तब जनता के हर तबके विधानसभा के समक्ष अपनी आवाज रखना चाहते हैं। ऐसे में इस तरह से बिना सर्च वारंट के राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के कार्यालय में घुसकर वरिष्ठ नेता पद्मनाभन की गिरफ्तारी गैरलोकतांत्रिक होकर संविधान का खुला उल्लंघन है। ज्ञापन में सरकार व पुलिस की तानाशाही पूर्ण कार्यवाही की कड़ी भर्त्सना की गई और राज्य समिति सदस्य पद्मनाभन की रिहाई की मांग की गई। इस मौके पर माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी, जिला सचिव महेश प्रजापति, वरिष्ठ नेता गयाराम सिंह धाकड़, एडवोकेट के एन शर्मा, सियाराम सिंह, भोंरू लाल, जसवंत यादव, शिवनारायण यादव, कन्हैया लाल ,हरबिलास धाकड़ आदि शामिल रहे। नेता गणों ने सरकार व पुलिस के गैर लोकतांत्रिक तानाशाही पूर्ण तरीके की निंदा की है और रिहाई नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी है।

# एफ आई आर के बाद भी आरोपी चला रहे सहारा कार्यालय

### कार्रवाई ना होने से पीड़ित पहुंचे एसपी कार्यालय, सैकड़ों लोगों का पैसा डकार गई कंपनी




**मुरैना।** देशभर के साथ ही मुरैना जिले में भी सहारा कंपनी द्वारा लोगों का पैसा डकारे जाने का मामला अब तक शांत नहीं हुआ है। 3 माह पूर्व जोरा के दर्जनों लोगों ने सहारा कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराई थी, लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है और वह खुलेआम घूम रहे हैं। सोमवार को जौरा, कैलारस, सबलगढ़ के दर्जनों लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की, जिस पर से एक अन्य एफआईआर. के निर्देश भी दिए गए हैं।

सोमवार को सहारा कंपनी द्वारा पैसा डकारे जाने के बाद पीड़ित लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ रायसिंह नरवरिया के समक्ष अपना दुखड़ा रोया। पीड़ितों ने बताया कि जौरा के ठगे गए लोगों द्वारा 10 दिसंबर 2021 को सहारा कंपनी कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों पर धोखाधड़ी किए जाने का मामला दर्ज कराया था, लेकिन 3 माह बीत जाने के बाद भी आरोपीगणों की गिरफ्तारी नहीं की गई है और वह खुलेआम घूम रहे हैं तथा कार्यालय पहले की तरह संचालित हो रहा है। बताया जाता है कि जौरा के अलावा कैलारस, सबलगढ़ के भी सैकड़ों लोगों का पैसा सहारा कंपनी के लोगों ने डकार लिया है तथा दे नहीं रहे हैं। गौरतलब है कि मुरैना कोतवाली में भी सैकड़ों लोगों ने एफ आई आर दर्ज कराई है, लेकिन कार्यवाही का अभाव लगातार बना हुआ है। पीडित लोग जिन्होंने अपने खून पसीने की कमाई थोड़ा-थोड़ा कर कंपनी में जमा की थी और उम्मीद लगाई थी कि ब्याज का पैसा लगकर उनके काम आएगा।

# बरासों पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपी को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड**-पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे एवं एसडीओपी मेहगांव आरकेएस राठौर के मार्गदर्शन में बरासों थानाप्रभारी अनिल सिंह गुर्जर को हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपी को अवैध हथियार के साथ में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है।विदित रहे कि थाना बरासों के अ.क्रं. 71/021 धारा 307 भादवि, इजाफा धारा 25,27



आर्मस् एक्ट के आरोपी शनि पुत्र रमेश सिंह राजावत उम्र 23 साल निवासी ग्राम खरिका थाना भारौली को एक 315 बोर के कट्टे मय एक जिंदा राउण्ड के पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर से गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के आधार पर आज दिनांक को थाना प्रभारी बरासों उपनिरीक्षक अनिल सिंह गुर्जर को मय फोर्स के ग्राम खैरोली मल्लपुरा में जरिये मुखविर सूचना मिली कि अपराध सदर का आरोपी शनि राजावत शासकीय प्राइमरी स्कूल के सामने कहीं जाने के लिये खड़ा है, उक्त सूचना पर से रवाना होकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पुलिस बल पहुंचा तो एक व्यक्ति पुलिस को देखते ही भागने लगा, जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेरकर पुलिस द्वारा पकड़ा गया। नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम शनि राजावत पुत्र रमेश सिंह राजावत उम्र 23 साल निवासी खरिका थाना भारौली का होना बताया। पुलिस के मुताबिक अपराध सदर का आरोपी होने से विधिवत गिरफ्तार कर 315 बोर का कट्टा मय एक जिंदा राउण्ड के जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में थानाप्रभारी बरासों उप निरीक्षक अनिल सिंह गुर्जर, सहायक उप निरीक्षक रामेश्वर दयाल चौधरी, आरक्षक मनोज कुशवाह, आरक्षक राजपाल व आरक्षक चालक नरेन्द्र कुमार की सराहनीय भूमिका रही है।

## राष्ट्रीय सुपरक्रास प्रतियोगिता और फ्री स्टाईल मोटोक्रास का आयोजन, युवाओं में होगा नई ऊर्जा का संचारः सीएम भूपेश बघेल

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**रायपुरः** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शाम राजधानी रायपुर के आउटडोर स्टेडियम में 5 मार्च से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय



सुपरक्रास प्रतियोगिता 2022 एवं फ्री स्टाइल मोटोक्रास प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ मोटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इससे पहले उन्होंने स्टेडियम में स्वयं बाईक चलाते हुए प्रवेश कर मंच तक पहुंचे और सभी बाईकर्स तथा खेल प्रेमी दर्शकों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बाईक राईडर्स के साहसिक और हैरत अंगेज प्रदर्शन से दर्शक रोमांचित हो उठे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुपरक्रास प्रतियोगिता 2022 एवं फ्री स्टाईल मोटोक्रास का आयोजन रायपुर में किया गया, जो देश में पहली बार किसी आउटडोर स्टेडियम में फ्लड लाईट में आयोजित हो रहा है। यह हमारे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। राज्य गठन के पश्चात् से ही छत्तीसगढ़ मोटर स्पोर्टस् द्वारा वर्ष 2003 से अब तक विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रैली का सफल आयोजन किया गया है।

## कांग्रेस प्रदेश सचिव जिला संगठन प्रभारी सवाई माधोपुर देशराज मीणा व यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव आशीष बेरवा दो दिवसीय सवाई माधोपुर जिले के दौरे पर रहे



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** खंडार विधानसभा दौरा कर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को डिजिटल सदस्य बनने के लिए आह्वान किया आशीष बैरवा ने कहा आप लोगों की सरकार है हमारी सरकार है आपके क्षेत्र का कोई भी कार्य हो आप हमें बताएं हम आपकी हर समस्या का समाधान करने की कोशिश करेंगे इस दौरान सोपुर विधायक बाबू जडेल से मुलाकात हुई इस अवसर पर सेवादल प्रदेश सचिव सलमान रंगरेज निर्मल कुमार लक्ष्मीकांत मीणा दीपक बेरवा राकेश बेरवा पवन बड़गोतिया आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिजली दरो की बढोत्तरी को लेकर आम आदमी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सौपा ज्ञापन



**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना**/भाजपा की जन विरोधी सरकार द्वारा लगातार मंहगाई बढाई जा रही है तथा बिजली, के दामो मे भी भारी बढोतरी की गई है। उक्त मामले को लेकर पूरे प्रदेश मे आम आदमी पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपे गयें है इसी कडी मे पन्ना जिले मे भी जिला अध्यक्ष अंजली यादव के नेत्रत्व मे ज्ञापन सौपा गया है। तथा तत्काल बिजली बिलो के दाम कम करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालो मे उपाध्यक्ष राम बिहारी गोस्वामी, ऋषि कुमार मिश्रा, किसान मोर्चा अध्यक्ष लीलाधर पटेल, महिला अध्यक्ष शंकुन्तला अवस्थी, सचिव अवधेश पटेल, पिछडा वर्ग अध्यक्ष ईश्वर लोधी, विधानसभा उपाध्यक्ष रामेश्वर विश्वकर्मा, ब्लाक अध्यक्ष भगवानदास चौधरी, सदस्य राजराज सिंगरोल, राम बहादुर बागरी, श्रीमति सरोज वर्मा, राजेश, सनी मिश्रा, श्याम बाबू, इमाम बक्श, रामरूप दहायत सहित भारी संख्या मे पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहें।

## अंधे कत्ल का 24 घंटे के अन्दर जतारा पुलिस ने किया पर्दाफाश, आरोपी पहुँचाया जेल

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़ ।** जतारा पुलिस कंट्रोल रूम डायल 100 से सूचना मिली की ग्राम पंचायत टानगा अन्तर्गत अब्दाल साहब बाबा पहाड़ी के पीछे तलैया के पास एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या करने के बाद लाश पड़ी हुयी है। इस सूचना पर थाना जतारा से एसडीओपी. महोदय श्री योगेन्द्र सिंह भदौरिया व निरी, त्रिवेन्द्र त्रिवेदी अपने बल के साथ घटनास्थल पर जाकर मृतक के बारे में जानकारी ली गई । जो मृतक ग्राम टानगा का बृजनन्दन कुशवाहा था। जिसके पिता बाला कुशवाहा ने बताया कि दिनांक 05.03.22 की रात्री 09.30 बजे करीब से लड़का बृजनन्दन कुशवाहा किसी के फोन आने पर चला गया था जो पूरी रात घर वापस नहीं लौटा सुबह पड़ौस के लड़के ने बताया कि बृजनन्दन की हत्या किसी ने कर दी है। तथा उसकी लाश अब्दाल साहब बाबा की पहाड़ी के पीछे नरईया के पास पड़ी है। मौके पर जानकारी एकत्रित कर घटना की सूचना से श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशांत खरे को सूचना से अवगत कराया जो श्रीमान से आवश्यक



निर्देश प्राप्त हुये एवं श्रीमान अति, पुलिस अधीक्षक महोदय श्री एमएल. चौरसिया को भी घटना से अवगत कराया जाकर मार्गदर्शन प्राप्त किया गया। मौके पर उपस्थित श्रीमान एसडीओपी. महोदय जतारा श्री योगेन्द्र सिंह भदौरिया को संपूर्ण जानकारी दी गई। तथा उनके निर्देशन में आवश्यक निर्देश प्राप्त किये। मौके पर एफएसएल. अधिकारी डॉ. प्रदीप यादव एवं डाग स्काड टीम आयी। जिन्होंने घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर मार्गदर्शन दिया फरियादी वाला कुशवाहा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 68/22 धारा 302 ताहि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

## श्री गोपालदासजी बरहिया कल्याण कोष ट्रस्ट ग्वालियर द्वारा डॉ हेमंत जैन दंपत्ति का हुआ सम्मान



**संदीप प्रधान दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया-** , श्री गोपाल दासजी बरहिया कल्याण कोष ट्रस्ट ग्वालियर द्वारा, जैन समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान एवं छात्रबृत्ति बितरण कार्यक्रम का आयोजन, जैन भवन दानाओली ग्वालियर में किया गया , इस दौरान 54 मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया ,और 14 छात्रों को छात्रबृत्ति के लिए चुना गया इस दौरान बरहिया जैन समाज के कुल 28 चिकित्सकों का सम्मान जनके श्रेष्ठ कार्यों के लिये किया गया इस दौरान डॉ हेमंत कुमार जैन दंपत्ति को चिकित्सा क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों एवं सामाजिक चेतना के कार्य करने के लिए ट्रस्ट द्वारा फूल माल पहना कर एवं प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । विदित हो कि यह ट्रस्ट , बरहिया जैन समाज के लिए सामाजिक कार्यों में लगातार कार्य कर रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल अनुसुईया उइके ने सभी महिलाओं से किया अनुरोध, कहा

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**छत्तीसगढ़ ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल अनुसुईया उइके ने सभी महिलाओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर रही है। महिलाएं देश व अन्य क्षेत्रों में चाहे रक्षक क्षेत्र हो, चाहे आर्थिक क्षेत्र हो, चाहे सुरक्षा के क्षेत्र हो चाहे, शिक्षा के क्षेत्र हो, सामाजिक क्षेत्र हो, चाहे प्रशासनिक क्षेत्र या राजनीतिक क्षेत्र हो सभी क्षेत्रों में सफलता की कीर्तिमान गढ़ रही है। फिर भी आज महिलाओं के साथ कई समस्या और कई चुनौतियां आज भी हैं। इसके लिए समाज के लोगों के दृष्टिकोण में परिवर्तन कि बेहद आवश्यकता है।इसके लिए



शिक्षा के प्रचार-प्रसार और व्यक्तित्व विकास की बेहद आवश्यकता है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले बेटियां क्षेत्र का महिलाओं का उद्यान में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। वे महिला संबंधित खबरों को सनसनी ना बनाकर संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करें। उन खबरों को प्रसारित करें, जिनमें महिलाएं देश के लिए मिसाल पेश करती है। ऐसी खबरें अन्य महिलाओं निश्चित प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने आगे कहा कि इस संसार की रचना के समय से ही महिलाएं केवल मां के रूप में ही नहीं बल्कि एक बहन और एक पत्नी के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करती चली आई है इन रूपों में वे सदा पुरुषों का साथ निभाती चली आई है। राज्यपाल ने महिलाओं से अनुरोध करते हुए कहा कि ऐसा समाज बनाने में योगदान दें, जहां महिलाओं का विकास बराबरी से हो सके। महिलाएं मजबूत परिवार व समाज में न्यू के समान होती है। न्यू जितनी मजबूत होगी परिवार और समाज भी उतना ही मजबूत होगा।



# कच्ची शराब बेचते हुए हुए युवक को पकड़ा

**शिवपुरी-खबर शिवपुरी के कोतवाली से है जहाँ आरक्षक नरेश यादव के थाने से रवाना होकर इलाका करता हुआ दुवे नर्सरी के पास लालमाटी पहुँचा तभी मुखविर व्दारा सूचना प्राप्त हुई कि लालमाटी में पानी के टंकी के पास रोड पर विष्णु शिवहरे निवासी लालमाटी का एक कट्टी में हाथ भट्टी की कच्ची शराब बेचने के आशय से खड़ा है**

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

मुखविर की सूचना पर से राहगीर साक्षी रामहेत जाटव निवासी मनियर एव आरक्षक नरेश यादव को मुखबिर की सूचना से अवगत कराकर मुखविर द्वारा बताये स्थान पानी की टंकी के पास लालमाटी पहुँचा तो एक व्यक्ति हाथ में एक कट्टी सफेद मटमैले रंग की लेकर रोड पर खड़ा था जो पुलिस को देखकर वह व्यक्ति जाने लगा जिसे रोककर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विष्णु शिवहरे पुत्र स्व. रामजीलाल शिवहरे उम्र 35 साल निवासी पानी की टंकी के पास लालमाटी शिवपुरी का होना बताया उसके हाथ में लिये कट्टी के बारे में पूछा तो उसने बताया कि इसमें हाथ भट्टी की कडी शराब है जिससे ढक्कन खोलकर चैक किया तो उसमें गंदा बदबूदार तरल पदार्थ भरा हुआ था तेज दुर्गन्ध आ रही थी उक्त कट्टी में से एक ढक्कन शराब को फर्स पर डालकर माचिस से आग लगाकर देखा तो तुरन्त आग लग गई उक्त शराब मानव जीवन के लिये हानिकारक एव जहरीली होना प्रतीत होती है आरोपी से शराब रखने व बेचने का लायसेन्स चाहा तो कोई लायसेंस न होना बताया आरोपी का कृत्य प्रथम दृष्टया धारा 49 (क) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय पाया जाने से आरोपी विष्णु शिवहरे से कब्जे उक्त प्लास्टिक की कट्टी जिसमें 4 लीटर कच्ची जहरीली शराब भरी हुई है जिसमें से एक लीटर सेंपल हेतु निकाली गई एवं शराव को गवाहन रामहेत जाटव व नरेश यादव के समक्ष जप्त कर जली पंचनामा तैयार किया जाकर जप्त शराब शीलबन्द की गई आरोपी को गिरसार कर गिरफ्तारी पंचनामा तैयार किया गिरफ्तारी की सूचना मौके पर आरोपी की माँ लीला बाई को दी गई। बाद मय जप्त माल तीन लीटर कट्री में व एक लीटर बोतल सील बंद अवस्था में व आरोपी के वापस थाना आया। वापसी पर प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया।



## 21 अप्रैल को माली समाज का होगा गांव गोट बिहारी में विवाह सम्मेलन

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** माली समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि भागचंद सैनी ने कहा विवाह सम्मेलन में कई वर्षों से करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे मगर मेरा आप लोगों से निवेदन है जितनी रुचि और दिलचस्पी के साथ हम विवाह सम्मेलन करवाते ह उससे कई ज्यादा रुचि के साथ हमें और आपको मिलकर के सामाजिक स्तर से हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी आने वाली नस्लों के लिए हमें एजुकेशन सम्मेलन करवाने की आवश्यकता है जिसमें हम गांव गांव ढाणी ढाणी में यह सर्च करें कि हमारी समाज में से किसका बच्चा ज्यादा पढ़ाई में होशियार है वह क्या बनना चाहता है अगर वह डॉक्टर बनना चाहता है तो उसको डॉक्टर बनाने का प्रयास करें अगर वह कलेक्टर बनना चाहता है बनाने का प्रयास करें चाहे पैसा जितना भी लगे हम जिस प्रकार से सम्मेलन के लिए पैसा इकट्ठा करते हैं उसी प्रकार से समाज के बच्चों को नौकरी में आगे लाने के लिए हमें पैसा इकट्ठा करके समाज के होनहार बच्चों का सहयोग करने की आवश्यकता है मैं सरकारी सेवा मैं होने के बावजूद भी किसी प्रकार की परवाह किए बगैर समाज के लिए हमेशा आगे रहता हूं और मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे समाज में कोई भी ऐसा बच्चा जो पैसों से कमजोर हो आप मुझे बताइए मैं हर संभव मदद प्रयास करने की कोशिश करूंगा

## कोतवाली पुलिस ने तीन नाबालिग बालिकाओं को किया गया दस्तयाब




**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**
**टीकमगढ़।** पुलिस मुख्यालय भोपाल, म.प्र.द्वारा नाबालिग बालक बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु आपरेशन मुस्कान सम्पूर्ण मध्यप्रदेश मे चलाया जा रहा है, जो जिला टीकमगढ मे पुलिस अधीक्षक प्रशांत खरे, अति.पुलिस अधीक्षक एम 0 एल 0 चौरसिया एवं एसडीओपी टीकमगढ कृष्णपाल सिंह के द्वारा लगातार बालक बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु निर्देश दिये जाते रहे। आपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली टीकमगढ पुलिस द्वारा पिछले दो दिनो मे प्रदेश मे तथा प्रदेश के बाहर इंदौर, ग्वालियर तथा दिल्ली टीमे भेज कर तीन बालिकाओं को दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया है। इनमे से दो बालिकाओ को प्रकरण पंजीबद्ध होने के 24 घंटे के अंदर दस्तयाब किया गया है। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे निरी थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पंवार, उप.निरी . चंदन सिंह निरंजन, सउनि राहत खांन , सउनि चुन्नूलाल समुद्रे , मआर . चंदा , मआर , अपूर्वा , मआर . पूनम ( थाना देहात ) तथा आर . हरेन्द्र तोमर , आर . आशीष भट्ट , आर.आलोक , आर.अनिल पचौरी , आर.ऋषि बाबू राय आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय में समस्याओं को लेकर क्षत्रो ने दिया ।



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**
**ग्वालियर-** डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय में समस्याओं को लेकर महाविद्यालय में ज्ञापन दिया गया इस ज्ञापन में महाविद्यालय के प्राचार्य को 7 मुख्य महाविद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया गया। प्रथम जिसमे महाविद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा ना होने की, जिस प्रकार सभी महाविद्यालयों में मां सरस्वती की प्रतिमा है लेकिन डॉक्टर भगवत सहाय महाविद्यालय में मां सरस्वती की कोई भी दूसरी मुख्य समस्या महाविद्यालय में लाइब्रेरी में जल्द से जल्द पुस्तक वितरण सेवा प्रारंभ कराई जाएं, तीसरी मुख्य समस्या गंदे पानी पीने की टंकी साफ कराई जाए, एवं चौथी मुख्य समस्या बिना आईसी चेक किए महाविद्यालय में किसी को भी अनुमति नहीं दी जाए आदि इन्हीं सब समस्याओं को लेकर महाविद्यालय छात्र प्रतिनिधि स्वयं सोनकर के नेतृत्व में महाविद्यालय में ज्ञापन दिया गया इस कार्यक्रम में उनके सहयोगी एवं युवा छात्र नेता अजीत परमार, अभिषेक तोमर, महाविद्यालय युवा छात्र नेत्री जया पटेरिया, अंजली गौतम, शिवानी जैन, एवं महाविद्यालय के सभी बंधु उपस्थित रहे, अभिषेक भदोरिया, मुकुल ठाकुर, सूरज शर्मा, अमन सेंगर, रिंकू यादव, पवन यादव, रितिक शिवरे, आकाश सिंह पटेल, सागर।

# शराब के एक पउवे को लेकर की गई थी युवक की हत्या, तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर दैनिक पुष्पांजली टुडे**
एटा कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत रेलवे रोड के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्धावस्था में पड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई, इस सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर जामातलाशी में मृतक के कपड़ो से प्राप्त ड्राइविंग लाइसेंस तथा परिजनों के आने के बाद ज्ञात हुआ की शव मोहम्मद कासेद अंसारी पुत्र मोहम्मद अंसारी निवासी मोहनडीह थाना पिंड्राजोरा जनपद बोकारो, झारखंड का है। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं - 131 / 22 धारा 147, 302, 201, 34 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।



दिनांक 07.03.2022 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज तथा घटनास्थल के आस-पास के लोगों से की गई जानकारी से घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त तीन अभियुक्तगण को रोडवेज बस स्टैण्ड एटा के पास से समय करीब प्रातः 07.20 बजे गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपने दो अन्य साथियों के साथ मोहम्मद कासेद अंसारी की हत्या किए जाने की घटना का इकबाल किया गया है।मृतक के परिजनों द्वारा जानकारी दी गई कि मृतक कासेद अंसारी टाटा मोटर्स कम्पनी जमशेदपुर में बतौर चालक / हैल्पर नौकरी करता था, टाटा मोटर्स कम्पनी जमशेदपुर से गाड़ियों के चैसिस लेकर एटा आया था।

## एक शाम गौमाता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन संपन्न हुआ

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा ब्यूरो**
**बेंगलूर-**एक शाम गौमाता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन विष्णु समाज गौ भक्त मंडल की ओर से रविवार सायं 7 बजे माली समाज वर्तुर के स्थल परिसर में भगवान शिव शंकर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया ।जिसमें भजन गायक परम पूज्य गौ ऋषि संत प्रकाश दास ने गणपति वंदना और गुरू महिमा गांकर प्रारंभ किया ।राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन सम्राट प्रकाश माली एण्ड पार्टी की ओर से राजस्थानी लोक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर देर रात तक जम कर नचाया। मंच का संचालन ओम महावीर पाली ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कृष्णा गौसेवा आश्रम के संस्थापक स्वामी पुखराज महाराज,समाजसेवी राकेश एम.दैशरला ,गौभक्त महेंद्र मुणोत, अमराराम सीरवी, मोहनलाल सीरवी ,सुरेश सेंणचा,ओमप्रकाश प्रजापत, अखिल भारतीय एकता मंच के अध्यक्ष उदयसिंह, लालुदान चारण, का माला शॉल द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी समाज के सदस्य सहपरिवार पधार कर प्रसादी का लाभ लिया ।आयोजकर्ता विष्णु समाज गौ भक्त मंडल के पियुस प्रजापत, रमेश माली, सुनील प्रजापत, बाबूलाल माहुर,नवरत्नमल लासणी , मिठालाल, नारायणलाल सहित कई लोग मौजूद थे।




# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन बहाल करने हेतु मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया

**पुष्पांजली टुडे**
**कैलारस-**तहसील कैलारस के अंतर्गत नवीन नियमित शिक्षक संवर्ग के द्वारा 7 मार्च 2022 को समय शाम 4-00 बजे मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम से एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें एनपीएस को बंद करने और पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की गई सभी कर्मचारियों ने आज तहसील प्रांगण में एकत्रित होकर गगनभेदी नारों के साथ तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा और मुख्यमंत्री से मांग की गई की राजस्थान के मुख्यमंत्री से सीख लें और शीघ्र से शीघ्र पुरानी पेंशन को मध्य प्रदेश के सभी सभी कर्मचारियों को बहाल करें अन्यथा की स्थिति में सरकार के विरुद्ध आंदोलन की व्यापक स्तर पर रणनीति बनाकर आंदोलन किया जावेगा ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से दफेदार सिंह सिकरवार, अमरकांत पाराशर अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ देवेंद्र हरदेनिया पूर्व बीआरसीसी अखिलेश व्यास प्रभारी प्राचार्य, बीएसी केशव शुक्ला, रमाकांत शर्मा, फखरुद्दीन खान ,श्रीनिवास बघेल, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, डालचंद वर्मा महेश गौड़, राज किशोर शर्मा सचिव, नवल सिंह धाकड़ सचिव, जाहर सिंह धाकड़ सचिव, मुकेश कुमार रजक, शिव कुमार वर्मा, श्रीमती उषा सिंह राय, मुरारी लाल धाकड़ ,राधेश्याम शर्मा, शशिकांत शर्मा, राकेश शर्मा, नरेश नारायण शर्मा, बृजेश बघेल, राकेश सिकरवार, रविंद्र सिकरवार, जगदीश धाकड़, महेश कुमार शुक्ला जन शिक्षक किशोर कुमार ओझा, साहित्य सैकड़ों की संख्या में सभी संवर्ग के शिक्षक गण विशेष रूप से उपस्थित रहे।




## ग्राम लावन में श्रीमद भागवत कथा में प्रहलाद की भक्ति से भाव विभोर हुए श्रद्धालु।

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे संबाददाता चम्बल संभाग**
भिण्ड।शहर से 6 किलोमीटर दूर अटेर क्षेत्र के ग्राम लावन में श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है।जिसमें 7 मार्च की कथा का प्रसंग भक्त प्रह्लाद की व्याख्या की गई।





कथा बाचक आचार्य पण्डित श्री रामनिवास व्यास जी शास्त्री के द्वारा भक्ति की सारी अवस्थाओं के बारे में बताया गया।कि भक्त प्रहलाद ने किस तरह राक्षस कुल में जन्म लेने के बाद भी भगवान की भक्ति को ही महत्व दिया।यहाँ बता दे कि श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में संगीतमय आनंद लेने पहुंचे लोगों में पुरुष के अलावा महिलाओं ने भाग लिया।ज्ञात हो कि श्रीमद्भागवत कथा दिनांक 4 मार्च 2022 से 10 मार्च तक चलेगी।कथा स्थल ग्राम लावन बड़ी जग्गा में आयोजित किया जा रहा है।जिसमे पारीक्षत श्रीमती महादेवी पत्नी राजाराम सुरवारिया हैं।

# भगवान राम माता सीता के दांपत्य जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए रामायणी

### पति को पतन के रास्ते से रोके वह पत्नी

**मोहन मांझी पुष्पांजली टुडे**
गोहद मां चिल्लासन देवी मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा व्यास पंडित किशोर चंद्र रामायणी ने कहां है कि आज अगर दांपत्य जीवन जीना सीखना है ।तो हमें भगवान श्री राम और माता जानकी के दांपत्य जीवन से सीख लेना चाहिए रामायणी ने कहा है कि पालनकर्ता पति कहलाता है ।पति को पतन के रास्ते से रोकने वाली पत्नी होती है।



उन्होंने कहा कि संपूर्ण भारत में केवल एक ही धर्म है जहां नारी को देवी के रूप में माना जाता है। इस्लाम और ईसाई में तो बेबी और अन्य शब्दों का उपयोग किया जाता है सनातन धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं है और हमें सनातन धर्म के रीति-रिवाजों पर चलना चाहिए तभी हमारा उद्धार है। आज की कथा में इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे प्रदेश के पूर्व मंत्री अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य पूर्व मंडी अध्यक्ष मेहताब सिंह गुर्जर युवा मोर्चा भाजपा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर महिला आयोग की सदस्य कृष्णकांता तोमर सरदार गुलजार सिंह निंदर सिंह परमाल सिंह तोमर राजकुमार सिंह तोमर रामू तोमर राजू सिकरवार विकास जैन प्रमोद कामत अनिल भारद्वाज प्रमोद कामत बल्ली पंडित केशव देसाई कुलदीप गुर्जर राजेंद्र परिहार बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने आए हजारों भक्तगण मौजूद रहे।

# बजट में जनता को कई बड़ी सौगातें देने की तैयारी, वैट कम कर पेट्रोल-डीजल सस्ता कर सकती है सरकार

**भोपाल।** विधानसभा में 9 मार्च को पेश होने वाले राज्य के बजट में इस बार सरकार ने जनता को कई सौगातें देने की तैयारी कर रखी थी। जनता को उम्मीद है कि राज्य सरकार पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले टैक्स (वैट) में छूट देकर राहत दे सकती है। वर्तमान परिस्थितियों पर गौर करें तो रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति संकट की आशंका से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 9 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि देश में चुनावी मौसम की राहत बरकरार है। लेकिन चुनाव के बाद देशवासियों की जेब पर भार बढ़ सकता है। जानकारों ने चुनाव समाप्त होते ही बड़ी तेजी की पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने की आशंका जताई है। ऐसे में मप्र के लोगों को अपनी सरकार से उम्मीद है कि वह वैट कम कर पेट्रोल-डीजल सस्ता कर सकती है।




बजट में विधायकों की बल्ले-बल्लेः राज्य के बजट में इस बार विधायकों की बल्ले-बल्ले होने वाली है। राज्य सरकार ने बजट तैयार करने से पहले सभी विधायकों से 150 करोड़ रुपए तक के विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे थे। विधायकों ने शिक्षा-स्वास्थ्य के साथ सड़कों से जुड़े सबसे ज्यादा प्रस्ताव सरकार को भेजे हैं। विधायकों को उम्मीद है कि इस बार के बजट में उनके विधानसभा क्षेत्र की जनता की मुराद पूरी होगी और 2023 के चुनाव में जाने से पहले प्रदेश में विकास के बड़े काम शुरू हो सकेंगे। बहरहाल अगले साल विधानसभा का चुनाव है और उससे पहले इस बजट में सरकार हर विधानसभा क्षेत्र के विकास का बजट पेश करने की तैयारी में है। जिन सीटों से भाजपा के विधायक जीत कर आए हैं उन पर काफी काम होने की संभावना है, ताकि अगले 1 साल में विकास कार्यों के जरिए जनता को अच्छे दिनों का एहसास कराया जा सके। बजट जहां प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए बूस्टर डोज होगा, तो वहीं सरकार का 2023 के इलेक्शन पर फोकस होगा।

### छूट के बावजुद 21 प्रतिशत ज्यादा कमाई

पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले टैक्स में चार-चार प्रतिशत की छूट देने के बाद भी इस बार पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 की तुलना में 21 प्रतिशत ज्यादा राशि इकठ्ठी हुई है। केंद्र सरकार ने नवंबर 2021 में पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी पांच रुपए और डीजल पर दस रुपए कम किए थे। तब प्रदेश में पेट्रोल के दाम 118.83 रुपए लीटर और डीजल के दाम 107.86 लीटर थे। इसके बाद राज्य सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले टैक्स वैट में चार-चार प्रतिशत की राहत दी। जिससे प्रदेश में पेट्रोल के दाम 11.97 रुपए और डीजल के 16.95 रुपये प्रति लीटर कम हो गए थे।

### पेट्रोल और डीजल पर बड़ी राशि खर्च

गौरतलब है कि नवंबर 2021 में पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले वैट में चार-चार प्रतिशत की छूट दिए जाने के बाद भी प्रदेश में एक लीटर पेट्रोल 107.23 रुपये और डीजल 90.87 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। पेट्रोल और डीजल पर जनता की बड़ी राशि खर्च होती है। इसलिए आमजन महंगाई के इस दौर में राहत चाहता है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने भी यह मांग उठाई है। वह महंगाई पर नियंत्रण के लिए विधानसभा सत्र के दौरान सदन में भी मांग रखेगी। वहीं जनता भी लगातार महंगाई पर नियंत्रण की मांग कर रही है, जो पेट्रोल एवं डीजल के दाम कम किए बगैर संभव नहीं है।

### प्रदेश में सबसे अधिक राजस्व पेट्रोल-डीजल से ही

ज्ञात हो कि पेट्रोल-डीजल से ही प्रदेश में सबसे अधिक राजस्व आता है। इसलिए टैक्स में छूट देना सरकार के लिए भी आसान नहीं है, पर अगले साल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हैं, उससे पहले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव भी होना है। जिसे देखने हुए उम्मीद की जा रही है कि सरकार पेट्रोल-डीजल पर छूट दे सकती है। सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनवरी 2022 तक वैट से 12 हजार 877 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया है। इसमें बड़ी राशि पेट्रोल-डीजल से प्राप्त हुई है।

## राज्य स्तर पर तीसरी बार सीता कड़ेला को पंचायत गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया..

**पुष्पांजली टुडे पाली राजस्थान.**
**रानी पाली ।** निम्बाड़ा- (अशोक कड़ेला) बहिन सीता कड़ेला को मानवाधिकार न्याय सुरक्षा परिषद की ओर जयपुर के शास्त्री नगर के साइंस पार्क परिसर में आयोजित पंचायत गौरव रत्न अवार्ड 2022 कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर समारोह के मुख्य अतिथि किशन सहाय मीणा आईपीएस (राजस्थान पुलिस महानिरीक्षक आई.जी. राजस्थान पुलिस,जयपुर) तथा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशन गोयल खनोड़ा के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। कड़ेला को शुभचिंतकों द्वारा टेलीफोन एवं सोशलमीडिया के माध्यम से बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी जा रही है। ग्राम एवं क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर हैं।




## भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रांत कुशवाह का मेहगांव में हुआ जोरदार स्वागत*

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**
**मेहगांव** – भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विक्रांत कुशवाह एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया मेहगांव प्रथम नगर आगमन पर भिण्ड रोड गल्ला मंडी के सामने युवा नेता अस्वनी त्यागी के नेतृत्व में एक सैंकड़ा कार्यकर्ताओं के द्वारा अभूतपूर्व स्वागत किया गया। जिसके बाद भिण्ड तिराहे पर शिवम डंडोतिया के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस स्वागत के बाद युवा भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालते हुये मेहगांव सर्किट हॉउस पर आयोजित परिचय बैठक में भाग लिया। जिसमे भाजपा नेताओं के साथ मंडल के सभी मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक और परिचय कार्यक्रम आयोजित हुआ।



# समस्या के निराकरण के लिए आम जन को दफ्तर के बार-बार चक्कर न लगवाएँ

## अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने दिए निर्देश

ग्वालियर। शासकीय दफ्तरों में समस्याओं के निराकरण की आस में पहुँचने वाले लोगों को दफ्तर के बार-बार चक्कर न लगवाएँ। आम जन की बात ध्यानपूर्वक सुनें और समस्या का त्वरित निराकरण कर उन्हें संतुष्ट करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों एवं अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को दिए।

सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने नामांतरण प्रकरणों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने सभी एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिए कि लोगों को तकनीकी बातों में न उलझाकर उनके प्रकरणों को सीधे आरसीएमएस (रेवेन्यू केस मैनेजमेंट सिस्टम) में दर्ज कर जल्द से जल्द निराकरण करें। कलेक्टर ने साफ किया कि फौती नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में देरी कदापि बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा फौती नामांतरण प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने वाले पटवारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी एवं अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा व श्री इच्छित ग?पाले सहित जिले के सभी एसडीएम व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।



### शिविर लगाकर कराएँ सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिये विशेष शिविर लगाएं। इन शिविरों में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ शिकायतकर्ताओं को भी बुलाएं और उनकी मौजूदगी में भी शिकायतों का निराकरण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के निराकरण में ?िलाई बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी प्रस्तावित करें।

### एंटी माफिया अभियान को और तेज करने पर जोर

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने एंटी माफिया अभियान को और तेज करने पर बैठक में विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्रवाई प्रभावी और ऐसी हो, जो दूसरों के लिये सबक बने। बैठक में जानकारी दी गई कि पिछले दो माह के दौरान भू-माफियाओं के खिलाफ 38 कार्रवाई की गई और 14 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसी तरह मिलावटखोरों के खिलाफ 44 प्रकरण दर्ज कर 6 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। इस अवधि में अवैध उत्खनन व परिवहन के 49 प्रकरण बनाए गए और 9 एफआईआर दर्ज कराई गईं।

### बारीकी से करें सत्यापन, कोई फर्जी किसान पंजीकृत न होने पाए

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने रबी उपार्जन के लिए शेष सभी पात्र किसानों को पंजीकृत करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम को हिदायत दी कि पंजीकृत किसानों का बारीकी से सत्यापन कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी अपात्र किसान पंजीकृत न हो जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में अब तक लगभग 24 हजार किसानों ने रबी उपार्जन के लिये अपना पंजीयन करा लिया है। पिछली साल जिले में कुल 26 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था। इस साल 10 मार्च तक पंजीयन कराया जा सकता है।

### ऊर्जा ऑडिट सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की भी हुई समीक्षा

जिले में बिजली बचत के उद्देश्य से किए गए ऊर्जा ऑडिट नवाचार को गंभीरता से लागू करने पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि शासकीय कार्यालयों में बिजली की बर्बादी न हो। उन्होंने अनुशासित होकर बिजली की बचत करने के निर्देश दिए। साथ ही जन जागरण के जरिए जनमानस को भी बिजली बचत के लिये प्रेरित करने को कहा। बैठक में एक जिला-एक उत्पाद, एडॉप्ट इन आंगनबा?ी अभियान व धारण अधिकार अधिनियम सहित सरकार के अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई।

# केन्द्रीय पर्यटन मंत्री श्री रेड्डी आज ग्वालियर आयेंगे



## आईआईटीटीएम के विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

ग्वालियर। केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी 8 मार्च को ग्वालियर प्रवास पर आयेंगे। श्री रेड्डी इस दिन प्रात- 11 बजे गतिमान एक्सप्रेस से ग्वालियर पहुँचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय पर्यटन मंत्री श्री रेड्डी 8 मार्च को प्रात- 11.30 बजे ग्वालियर किला देखने जायेंगे। इसके बाद दोपहर 12.45 बजे जीवाजी विश्वविद्यालय के समीप स्थित आईआईटीटीएम (भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान) पहुँचकर इंटरनेशनल एक्जीक्यूटिव गेस्ट हाउस का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वहीं पर पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों की बैठक लेंगे। श्री रेड्डी अपरान्ह 3 बजे से आईआईटीटीएम में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके बाद सायंकाल 6.15 बजे विमानतल पहुँचकर वायुमार्ग द्वारा नईदिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला-बाल विकास विभाग के महिला मैदानी अमले का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

ग्वालियर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-8 मार्च को महिला-बाल विकास विभाग ने विभाग की महिला पर्यवेक्षक, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के स्वास्थ्य और पोषण स्तर के परीक्षण एवं उपचार पर समर्पित करने का निर्णय लिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विकासखण्ड मुख्यालय स्थित सिविल अस्पताल/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 8 से 31 मार्च तक क्रमवार स्वास्थ्य शिविर वृहद रूप से लगाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कुल 97 हजार 135 आँगनवा?ी केन्द्र संचालित हैं। इन केन्द्रों के संचालन एवं निरीक्षण के लिये लगभग एक लाख 85 हजार मैदानी अमला कार्यरत है। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रजनन आयु वर्ग तथा वरिष्ठ आयु वर्ग की पर्यवेक्षकों, आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता का विकास करना है। साथ ही बॉडीमॉस इण्डेक्स के अनुसार पोषण स्तर का निर्धारण, गंभीर रक्ताल्पता, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, स्तन कैंसर, सरवाईकल कैंसर, ओरल कैंसर, बाँझपन, स्त्री रोग संबंधी अन्य समस्याओं की पहचान कर प्राथमिक सूची तैयार कर आवश्यकता अनुसार उपचार उपलब्ध कराना है। महिला एवं बाल विकास के शत-प्रतिशत मैदानी अमले की स्वास्थ्य जाँच होने के बाद गंभीर बीमारियों से ग्रसित महिला कर्मियों की जाँच के लिये 28 से 30 मार्च के मध्य जिला अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाकर सभी आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जायेगा।

### बंदी राजेश उर्फ मुन्ना की मृत्यु की न्यायिक जाँच के सिलसिले में साक्ष्य माँगे

ग्वालियर। केन्द्रीय जेल ग्वालियर में निरूद्ध रहे बंदी राजेश उर्फ मुन्ना की मृत्यु के कारणों की न्यायिक जाँच की जा रही है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री मयूरी गुप्ता के न्यायालय द्वारा यह जाँच की जा रही है। इस संबंध में 10 मार्च तक साक्ष्य माँगे गए हैं। केन्द्रीय जेल ग्वालियर में निरूद्ध रहे बंदी राजेश उर्फ मुन्ना पुत्र श्री राममिलन साकेत आयु 34 वर्ष निवासी करैआ थाना रामनगर जिला सतना मध्यप्रदेश की गत 26 फरवरी 2022 को प्रात- 10 बजे जयारोग्य चिकित्सालय ग्वालियर में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई अभ्यावेदन, शपथ पत्र या साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह 10 मार्च तक प्रात- 11 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर ग्वालियर स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री मयूरी गुप्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। साक्ष्य प्रस्तुत करने की अवधि बीत जाने के बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

# परिवार व शहर का बखूबी ध्यान रखने वालीं महिला स्वच्छता मित्रों का सम्मान करना बहुत ही गौरव का क्षण: प्रदेश मंत्री भाजपा महिला मोर्चा

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिला स्वच्छता संरक्षकों का किया सम्मान

ग्वालियर। शहर की साफ सफाई व्यवस्था के साथ ही अपने पारवारिक जीवन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करने वाली महिला स्वच्छता मित्रों का सम्मान करना बहुत ही गौरव की बात है तथा हमारा ग्वालियर स्वच्छता के क्षेत्र में सम्मानजनक स्थान पर है तो उसमें शहर की सभी महिलाओं की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। आज सोमवार को अंतराष्टीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शहर भर की महिलाओं के सम्मान के प्रतीक स्वरुप नगर निगम के क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 20 पर वार्ड 47, 48, 51 एवं 53 की महिला सफाई मित्रों का सम्मान किया गया, जो कि सभी मेहनकश महिलाओं का सम्मान है। उक्ताशय के विचार भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री एवं पूर्व एमआईसी सदस्य स्वच्छता विभाग श्रीमती खुशबू गुप्ता ने महिला स्वच्छता मित्रों का सम्मान करते हुए मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए।



उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर शहर की स्वच्छता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिला कर्मियों का सम्मान किया जाता है। जिसके तहत आज अंतर्राष्टीय महिला दिवस की पूर्व संख्या पर लक्कडखाना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 20 पर वार्ड 47, 48, 51 एवं 53 की महिला सफाई मित्रों के सम्मान कार्यक्रम में इस अवसर पर श्री अनूप शुक्ला, संपत्तिकर अधिकारी श्री कमल चतुर्वेदी, सहायक हेल्थ ऑफिसर श्री अजय ठाकुर, स्वच्छता निरीक्षक श्री रामचंद्र धौलपुरिया, श्री अशोक माहौर, डब्ल्यूएचओ 47 श्री मनोज खरे, डब्ल्यूएचओ 48 श्री राजेंद्र घई, डब्ल्यूएचओ 51 श्री धर्मेंद्र मोरे, डब्ल्यूएचओ 53 श्री हरिप्रसाद सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित थे। इस अवसर पर उक्त चारों वार्ड की महिला स्वच्छता कर्मियों को साडी एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री एवं पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीमती खुशबू गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता है कि महिलाओं को सशक्त बनाना एवं समानता का अधिकार दिलाना, लेकिन उन महिलाओं के प्रति यह संकल्प और भी ज्यादा दृ? हो जाता है जो कि समाज में दोहरी भूमिका में अपना योगदान दे रही हैं। स्वच्छता मित्र के रुप में कार्य करने वाली महिलाएं एक ओर तो अपने परिवार व बच्चों की जिम्मेदारी बखूबी निभा रही हैं दूसरी ओर हमारे शहर की स्वच्छता की महत्वपूर्ण क?ी हैं जो कि त?के 5:00 बजे शहर की स?कों व गलियों में आकर हमें स्वच्छता की अनुभूति प्रदान करती हैं। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि मैं बात कर रही हूं शहर की उन हजारों महिला स्वच्छता कर्मियों की जो प्रतिदिन सुबह उठकर पहले शहर वासियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करती हैं और बाद में अपने परिवार के बीच जिम्मेदारियां निभातीं हैं। आज समाज और परिवार के बीच अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने वाली महिला स्वच्छता कर्मी बहनों का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ। मुझे स्वयं गौरव की अनुभूति हो रही है कि समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाली महिला स्वच्छता कर्मियों सम्मानित करने का अवसर मुझे मिल रहा है।

# अंकुर कार्यक्रम के तहत पौधे रोपने वाले जिले के विजेता प्राण वायु अवार्ड से सम्मानित




ग्वालियर। अंकुर कार्यक्रम के तहत पौधरोपण करने वाले जिले के विजेताओं को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से ÷प्राण वायु अवार्ड÷ से सम्मानित किया गया। यहाँ कलेक्ट्रेट में आयोजित हुए कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी एवं अपर कलेक्टर श्री इच्छित गढ़पाले ने जिले के 29 विजेताओं को प्राण वायु अवार्ड के तहत प्रशस्ति पत्र सौंपे। अंकुर अभियान के तहत जिले में अब तक कुल एक लाख 64 हजार 394 पौधे रोपे जा चुके हैं। इनमें से 24 हजार 909 पौधों को वायुदूत एप पर भी अपलोड कर दिया गया है। विभिन्न शासकीय विभागों के साथ-साथ जन सामान्य ने भी ब?-च?कर हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण विभाग द्वारा आरंभ अंकुर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून-2021 को किया था। कार्यक्रम में पौध-रोपण के लिये जन-सामान्य को प्रोत्साहित करने के लिये जिलेवार चयनित विजेताओं को वृक्ष-वीर और वृक्ष-वीरांगना की उपाधि और मुख्यमंत्री द्वारा ÷प्राण-वायु अवार्ड से सम्मानित करने का प्रावधान है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंकुर अभियान के तहत रोपे गए सभी पौधों के फोटोग्राफ वायुदूत एप पर अपलोड करने के लिये कहा है। श्री सिंह ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि पर्यावरण की रक्षा एवं प्राणवायु की उपलब्धता बनाए रखने के लिये सभी लोग कम से कम एक पौधा जरूर रोपें और उसकी रक्षा भी करें।






# कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर इन्द्रधनुष रथ रवाना किया



## टीकाकरण के प्रति करेगा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जन जागरण

ग्वालियर। टीकाकरण से शेष रहे बच्चों एवं गर्भवती माताओं का शतप्रतिशत टीकाकरण करने के उद्देश्य से ग्वालियर जिले में भी मिशन इन्द्रधनुष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की सफलता के उद्देश्य से कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर इन्द्रधनुष रथ को रवाना किया। राज्य शासन द्वारा यूनीसेफ के सहयोग से तैयार कराया गया यह इन्द्रधनुष रथ जिले के शहरी क्षेत्र की मलिन बस्तियों सहित विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर आम जन को टीकाकरण के प्रति जागरूक करेगा। यह रथ अगले तीन माह तक जन जागरण में सहभागी बनेगा। इन्द्रधनुष रथ को हरी झण्डी दिखाते समय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर श्री इच्छित ग?पाले व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# साप्ताहिक वार्ड स्वच्छता रैंकिंग में वार्ड 53 टॉप पर एवं वार्ड 13 बॉटम में

ग्वालियर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत नगर निगम ग्वालियर द्वारा की जाने वाले साप्ताहिक वार्ड स्वच्छता रैंकिंग में इस सप्ताह 100 में से 90.91 अंक प्राप्त कर वार्ड 53 प्रथम स्थान पर रहा है तथा 51 अंक प्राप्त कर वार्ड 13 ने सबसे आखिरी स्थान प्राप्त किया है। संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सैना एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल की पहल पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत की जा रही तैयारियों को लेकर नगर निगम ग्वालियर द्वारा सभी 66 वार्डों में प्रति सप्ताह वार्ड स्वच्छता रैंकिंग की जा रही है जिसके तहत स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों के आधार पर वार्डों की स्वच्छता रैंकिंग कर उन्हें अंक दिए जा रहे हैं। जिससे किन किन वार्डो में कहां कमी हैं सामने आ सके। इस साप्ताहिक वार्ड स्वच्छता रैंकिंग के परिणाम आज सोमवार को घोषित किए गए, जिसमें टॉप 5 में वार्ड क्रमांक 53, 46, 26, 49 एवं 07 शामिल हैं, जिसमें वार्ड 53 ने 90.91 अंक, वार्ड 46 ने 90.66 अंक, वार्ड 26 नें 88.66 अंक, वार्ड 49 ने 88 अंक एवं वार्ड 07 ने 87.76 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं बॉटम 5 में 55 अंक प्राप्त कर वार्ड 58, 54.33 अंक प्राप्त कर वार्ड 59 एवं 48, 52.33 अंक प्राप्त कर वार्ड 65, 52 अंक प्राप्त कर वार्ड 3, 19 तथा 51 अंक प्राप्त कर वार्ड 13 ने अंतिम स्थान प्राप्त किया।

**अपर आयुक्त रैंकिंग में श्री मुकुल गुप्ता प्रथम एवं श्री अतेन्द्र सिंह द्वितीय**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत नगर निगम ग्वालियर के द्वारा विधानसभावार भी स्वच्छता रैंकिंग की जा रही है। जिसमें दक्षिण विधानसभा के अपर अयुक्त श्री मुकुल गुप्ता को 58.48 अंक के साथ प्रथम रैंकिंग एवं ग्वालियर विधानसभा के अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर को 47.51 अंक के साथ द्वितीय स्थान मिला। इसके साथ ही पूर्व विधानसभा के अपर आयुक्त श्री संजय मेहता को 42.93 अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे तथा 32.44 अंक के साथ ग्रामीण विधानसभा को चौथा स्थान मिला। इसके साथ ही स्वास्थ्य अधिकारियों की रैंकिग में प्रथम स्थान दक्षिण विधानसभा के श्री भीष्म कुमार पमनानी एवं द्वितीय स्थान ग्वालियर विधानसभा के श्री श्रीकृष्ण शर्मा, तृतीय स्थान पूर्व विधानसभा के श्री वैभव श्रीवास्तव एवं चतुर्थ स्थान ग्रामीण विधानसभा को प्राप्त हुआ।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478